
# डाक्टर परवेज के घर से एटीएस ने बरामद किए चापड़ और मोबाइल, भाई बोला—दोनों बेगुनाह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः दिल्ली के लाल किला के बादर विस्फोट की जांच में जुटी एटीएस व जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को कैसरबाग के खंदारी बाजार इलाके में डॉक्टर शाहीन शाहिद और भाई डॉक्टर परवेज के पुश्तैनी घर पर छापेमारी की थी।

दिल्ली के लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट और फरीदाबाद में 2,900 किलो विस्फोटक बरामद होने के बाद लखनऊ की डॉक्टर शाहीन शाहिद को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान एजेंसियों को लखनऊ कनेक्शन मिला था। इसके बाद डॉक्टर शाहीन और उसके भाई डॉक्टर परवेज के घरों पर छापेमारी की गई थी।




परवेज के घर से चापड़ व छह कीपैड मोबाइल बरामद किए गए थे। एटीएस को शक है कि इन डिवाइसों में आतंकियों से संपर्क या किसी नेटवर्क से जुड़ी जानकारी हो सकती है। जब्त सभी मोबाइल फोन और दस्तावेजों को फारेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। चापड़ व छह कीपैड मोबाइल फोन के साथ कुछ दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस बरामद किए हैं। यह सारा सामान जब्त कर एटीएस परवेज से पूछताछ कर रही है।

लखनऊ में एटीएस की छापेमारी के दौरान डॉक्टर परवेज के सबसे बड़े भाई शोएब ने कहा कि आतंकी का भाई होना दुखद है, लेकिन हमको तो जांच एजेंसियों पर भरोसा है। मेरे भाई और बहन बेगुनाह साबित होंगे। बड़े भाई शोएब अंसारी ने बताया कि उन्हें अब तक यह विश्वास नहीं हो रहा कि उनकी बहन और भाई किसी आतंकी गतिविधि से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा, आतंकी का भाई कहलाना बेहद दुखद है, लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि शाहीन और परवेज दोनों बेगुनाह हैं।

शोएब ने बताया कि बहन डॉक्टर शाहीन से मेरी आखिरी बार बात करीब चार वर्ष पहले हुई थी। इसके बाद उसका कोई संपर्क नहीं रहा। परवेज से तीन वर्ष पहले बात हुई थी। वह लोग घर नहीं आते थे। न उन लोगों ने संपर्क किया न हम लोगों ने संपर्क किया। परवेज कभी-कभार पिता से फोन कर हालचाल लेता था। शोएब ने बताया कि पिता से भी बातचीत के दौरान कभी नहीं लगा कि वह ऐसी गतिविधियों से जुड़ा है। वह सामान्य जीवन जी रहा था और किसी गलत काम में शामिल नहीं था। परिवार अब भी विश्वास करता है कि जांच एजेंसियां सच्चाई सामने लाएंगी और निदोर्षों को न्याय मिलेगा और उनके दोनों भाई-बहन बेगुनाह साबित होंगे।

### एटीएस ने सईद से पूछे थे 16 सवाल, खंगाला जा रहा ब्योरा

एटीएस और जम्मू कश्मीर पुलिस ने बीते बुधवार को डॉक्टर शाहीन और डॉक्टर परवेज के पिता सईद से पूछताछ की थी। उनसे 16 प्रमुख सवाल पूछे गए थे। इनमें यह जानने की कोशिश की गई कि दोनों भाई-बहन किससे संपर्क में रहते थे, कितने समय से लखनऊ नहीं आए, पढ़ाई कहां से की, किन मित्रों या संस्थानों से जुड़े थे, और क्या हाल के दिनों में किसी बाहरी व्यक्ति से संपर्क हुआ था।


# चलती ट्रेन से गिरी बुजुर्ग महिला, मौत, शिनाख्त नहीं

## रहीमाबाद व दिलावरनगर स्टेशन के बीच हुआ हादसा, बीस मिनट रुकीं ट्रेनें

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ से हरदोई जा रही ट्रेन से बुधवार सुबह एक बुजुर्ग महिला के गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा रहीमाबाद और दिलावर नगर रेलवे स्टेशन के बीच खंभा संख्या 1107/18 व 1107/20 डाउन लाइन पर उस समय हुआ जब ट्रेन वहां से गुजर रही थी। हादसे के बाद रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना से रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

हरदोई से लखनऊ की ओर जा रही हावड़ाझ्रयोग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस (13009) के चालक ने ट्रैक पर शव देखकर इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुनायक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को ट्रैक से हटवाया।




रेलवे ट्रैक पर कई मिनट खड़ी रही ट्रेन

घटना के चलते करीब तीन ट्रेनें रहीमाबाद रेलवे स्टेशन पर 20 मिनट तक खड़ी रहीं, जिससे यात्रियों को असुविधा हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए हैं।

मृतका की उम्र करीब 65 वर्ष बताई जा रही है। उसने कत्थई और लाल रंग की साड़ी, हरे रंग का ब्लाउज और सफेद-लाल पट्टीदार चादर ओढ़ रखी थी। देर शाम तक रहीमाबाद पुलिस मृतका की शिनाख्त नहीं कर सकी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## दहशत में मकानों को छोड़कर गए डॉ. परवेज अंसारी के पड़ोसी, कॉलोनी में पसरा सन्नाटा

लखनऊ। आईआईएम रोड की तकवा कॉलोनी निवासी डॉ. परवेज अंसारी की संलिप्तता दिल्ली कार ब्लास्ट में सामने आने से उसके पड़ोसी दहशत में हैं। मंगलवार को एटीएस, लखनऊ पुलिस और जम्मू कश्मीर पुलिस की छापेमारी के बाद से कॉलोनी में सन्नाटा पसर गया है। आसपास रहने वाले कई लोग अपने मकानों में ताला लगाकर रिश्तेदारों के घर चले गए हैं। इक्का-दुक्का मकानों में लोग हैं, लेकिन वह भी घरों में ही कैद हैं। मुतक्कीपुर गांव में भी लोग परवेज की हकीकत सामने आने के बाद से दंग हैं। मंगलवार की सुबह एक साथ कई जवान मुतक्कीपुर कालोनी पहुंचे तो लोगों में अफरा-तफरा मच गई। पहले तो लोग कुछ समझ नहीं पाए लेकिन बाद में जब उन्हें पता चला की दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट के मामले में एटीएस ने उनके पड़ोसी डा. परवेज के मकान में छापेमारी की है तो लोग दंग रह गए। इसके बाद दिन भर वहां पुलिस की चहलकदमी जारी रही।

## चार निजी टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से राज्य में बढ़ेंगे वस्त्र उद्योग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः उत्तर प्रदेश में चार निजी टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना की जाएगी। उन्नाव, कानपुर देहात, शामली व अमरोहा में स्थापित करने वाले इन टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना को लेकर संबंधित कंपनियों के साथ हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग ने समझौता करने की तैयारी शुरू कर दी है। इन पार्कों को 25-25 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जाएगा। इन्हें स्थापित करने वाली कंपनियां ही इनका संचालन करेंगी। हथकरथा एवं वस्त्रोद्योग विभाग राज्य में वस्त्र एवं परिधान उद्योग को बढ़ावा देने के लिए संत कबीर के नाम पर दस टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए बंद पड़ी कताई मिलों की भूमि वापस लेकर वहां पर वस्त्र एवं परिधान पार्क स्थापित किए जाने की तैयारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश से अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम (यूके), यूएई, जर्मनी, नेपाल सहित करीब 14 देशों में रेडीमेड वस्त्रों का निर्यात तेजी के साथ बढ़ा है। फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश से वस्त्र एवं परिधानों के निर्यात में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और 15,500 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया है। वस्त्र उद्योग की मशीनों के पंजीकरण में भी पिछले वर्ष 14 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। योगी आदित्यनाथ सरकार की कोशिश है कि पारंपरिक वस्त्र उद्योग के साथ राज्य में नए वस्त्र उद्योगों की भी स्थापना की जाए। इसके लिए लखनऊ में एक हजार एकड़ में पीएम मित्र वस्त्र एवं परिधान पार्क की स्थापना की जा रही है। अभी तक इसे विकसित करने के लिए कंपनी का चयन नहीं किया जा सका है। हालांकि चार निजी टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। इस बारे में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान का कहना है कि इन पार्कों में बिजली, सड़क, पानी व सीवरेज सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सरकार की तरफ से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही संबंधित कंपनियों को सरकार 50 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देगी। इसके अलावा एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) की स्थापना और संचालन निजी कंपनी करेगी।

## लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को लेकर एक बार फिर विवाद

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा के शिवपुरा गाँव में लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को लेकर बुधवार को एक बार फिर विवाद हो गया। शिवपुरा गांव के पास कानपुर आने जाने को एलिवेटेड एक्सप्रेसवे पर चढ़ने और उतरने के लिए बनाए जा रहे स्लोप रैंप के कारण यहां के लोगों के घरों का आवागमन बंद हो रहा है। इसी से नाराज ग्रामीणों ने बुधवार को पीएनसी कंपनी के कर्मचारियों को खदेड़ कर काम रुकवा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि रैंप की मिट्टी को रोकने के लिए बनाई जा रही दीवार से उनका आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा, जबकि कंपनी की ओर से उनके लिए कोई वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध नहीं कराया गया है। वही जब इस मामले की जानकारी सपा नेताओं को हुई तो सपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बचान सिंह यादव,, सभासद गोविंद यादव, इंद्रेश यादव,, ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू और दीपक यादव समेत अन्य सपा



पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। सपा नेताओं ने ग्रामीणों की समस्या से सांसद आरके चौधरी, को अवगत कराया। सपा नेताओं के पहुंचने पर सरोजनीनगर तहसीलदार सुखबीर सिंह, पीएनसी कंपनी के एडीएम,, सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि उनके मकान और जमीन अधिग्रहित किए जाने के बावजूद अब तक मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है। वहीं काफी देर तक सपा नेताओं और अधिकारियों के बीच चली वार्ता के बाद तय हुआ कि ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद के साथ मिलकर पीएनसी के डीजीएम से मुलाकात करेगा। जिससे कि समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। फिलहाल तब तक ग्रामीणों ने कंपनी को यहाँ का कार्य बन्द रखने को कहा है। गौरतलब है कि इससे पहले बीते शुक्रवार को भी ग्रामीणों ने इसी मामले को लेकर निर्माण कार्य रुकवाया था। तब पीएनसी कंपनी के अधिकारी जीवट साहू ने वैकल्पिक रास्ता बनवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन बिना कोई रास्ता दिए ही दोबारा काम शुरू होने पर बुधवार को फिर से ग्रामीणों ने विरोध जताया और काम बंद करा दिया।

## नेशनल पब्लिक इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाया जलवा



अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। रायबरेली रोड के तेलीबाग गांधीनगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में एलकेजी क्लास से लेकर इंटरमीडिएट छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये रंगारंग कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंगलवार को आयोजित विद्यालय के इस कार्यक्रम में भीमराव अंबेडकर युनिवर्सिटी के वाइसचांसलर प्रो राज शरन साही मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे।दीप प्रज्वलित होने के पश्चात बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।एलकेजी की छात्रा क्रतिका अग्निहोत्री ने थ्री ईडियट फिल्म के भैया आल इज वेल गाने पर अपने नन्हे कदमों की नृत्य प्रस्तुति देकर लोगों को जमकर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।वहीं छात्रा द्रशानी हन्नवाल, आद्या सिंह, शिवम शुक्ला, संभावी श्रीवास्तव और निया सिंह की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों की तारीफें बटोरीं।बच्चों के हुनर को देखकर लोग भाव विभोर हो गये।विद्यालय प्रबंधक अनुज सिंह ने छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए पुरस्कार वितरित किया।विद्यालय की प्राचार्या अर्चना सिंह, सह प्राचार्य आशीष सिंह ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## वेतन विसंगति दूर करने सहित कई मांगों को लेकर धरने पर बैठे ट्रेन मैनेजर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : लगातार बढ़ रही ट्रेनों की संख्या के बीच पदों की कम होती संख्या और वेतन विसंगति सहित कई मुद्दों को लेकर लखनऊ सहित देश भर के ट्रेन मैनेजर बुधवार को धरने पर बैठ गए। आल इंडिया गाड्र्स काउंसिल के आह्वान पर ट्रेन मैनेजर एक दिवसीय धरने पर बैठ गए।

पूर्वोत्तर रेलवे डीआरएम कार्यालय परिसर में ट्रेन मैनेजरों ने आठवें वेतन आयोग में न्यायसंगत वेतन स्तर सुनिश्चित करने की मांग उठायी। साथ ही ट्रेन मैनेजर के ग्रेड-पे की विसंगतियों को दूर करने के लिए उनको भी एमएसीपी का लाभ देने, यात्रा भत्ते के समान किलोमीटर माइलेज भत्ते में भी 25 प्रतिशत वृद्धि एक जनवरी 2024 से करने, किलोमीटर माइलेज पर आयकर में 25 प्रतिशत छूट देने की मांग ट्रेन प्रबंधकों ने की है। इसके साथ ही रेलवे बोर्ड के 24 जनवरी 2025 को जारी जेपीओ में स्टेशन सेक्शन पर अधिक डयूटी के बाद मालगाड़ियों को खड़ा करने के लिए हैंडब्रेक लगाने और लाक करने के आदेश को रद करने की मांग की गई है। इस आदेश में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी प्वाइंटस मैन की जगह लोको पायलट और ट्रेन प्रबंधक को हैंड ब्रेक और लाक लगाने की व्यवस्था लागू की गई है। सभी मंडलों में पूजा स्पेशल ट्रेनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके सापेक्ष ट्रेन प्रबंधकों के 25 प्रतिशत तक पद खाली हैं। इन पदों को भरने, रेलवे बोर्ड के सेफ्टी निदेशालय की शक्तियों को बहाल करने और एनपीएस व यूपीएस को रद्द कर ओपीएस लागू करने की मांग भी ट्रेन प्रबंधकों ने उठायी है। ट्रेन प्रबंधकों ने अंतिम बोगी पर लगने वाली टेल लाइट और टार्च में इस्तेमाल होने वाली बैट्री का भत्ता बहुत कम दिए जाने पर भी विरोध जताया है। उत्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन पर भी ट्रेन प्रबंधकों ने धरना दिया।

## अलीनगर सुनहरा में सीसी नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास, वार्ड के विकास को मिली नई दिशा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बुधवार को वार्ड सरोजनी नगर सेकेंड के अलीनगर सुनहरा में भगवान बख्श के घर से भानु प्रताप सिंह कॉलेज होते हुए सुनहरा झील तक सीसी नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। इस अवसर पर पार्षद ने प्रीतम सिंह और अभय द्विवेदी से नारियल तुड़वाकर निर्माण कार्य का शिलान्यास कराया। पार्षद राम नरेश रावत ने बताया कि अलीनगर सुनहरा गांव और हरिओम नगर कॉलोनी की लगभग दस हजार की आबादी बीते दस वर्षों से जलभराव की समस्या से जूझ रही थी। जनहित को देखते हुए माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल की अवस्थापना निधि से 42 लाख रुपए



की लागत से 400 मीटर लंबा और डेढ़ मीटर चौड़ा सीसी नाला बनाया जा रहा है। शिलान्यास समारोह में पहुंचे सभी कार्यकताओं और नागरिकों का पार्षद ने पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर प्रीतम सिंह, अभय द्विवेदी, अनीता शर्मा, मोनी शर्मा, नीलम, पूजा, सुशीला कनौजिया, मीना, सुरेंद्र यादव, पंचम लाल, उपेंद्र ओझा, विजय यादव, हरिओम पटेल, राजा बाबू, राजमणि, प्रेमचंद, दिलीप, भगवान बख्श, शिवकुमार, कल्लू, दीपक कनौजिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पार्षद ने कहा कि अलीनगर सुनहरा गांव जो पहले विकास से वंचित था, अब भाजपा सरकार में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सहयोग से वार्ड में निरंतर विकास कार्य जारी हैं।

## जिला महिला चिकित्सालय में तैनात चिकित्सक के प्लॉट पर रातों रात कब्जा

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग पुलिस चौकी अंतर्गत स्थित एक चिकित्सक के प्लॉट पर दबंगों ने रातों रात कब्जा कर लिया, जेसीबी से बाउंड्री वाल गिरा कर गड्ढा खोद दिया, और गेट उठा ले गए, पीड़ित ने 112 पर पुलिस को सूचना देने के बाद पीजीआई कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

डा० ज्ञानचन्द्र पटेल, निवासी - ग्राम रामनगर, पोस्ट घघटिया, जिला जौनपुर के रहने वाले हैं, और वर्तमान समय में सीनियर कंसल्टेन्ट रेडियोलाजिस्ट के पद पर जिला महिला चिकित्सालय प्रयागराज में तैनात है।

पीड़ित का कहना है कि उन्होंने बीते 2016 मई में स्वंय व अपनी पत्नी हेमलता सिंह के नाम पर एक प्लाट क्षेत्रफल 1800 वर्ग फीट (3060 फीट) खसरा संख्या 37 स्थिति खरिका तेलीबाग, तहसील सरोजनीनगर लखनऊ, भास्कर श्रीवास्तव से बैनामा कराया था। जिसका दाखिल खरिज भी प्रार्थी के पक्ष में हैं।

इन्होंने अपने उपरोक्त प्लाट पर बाउण्ड्रीवाल बनवाकर अपना लोहे का गेट लगवा दिया था। बीते 6नवम्बर 2025 को सरबजीत सिंह व दमनदीप सिंह निवासीगण - 93/12 वृन्दावन योजना लखनऊ अपने कुछ लोगो के साथ प्लाट की बाउंड्री वाल तोड़कर कब्जा कर रहे थे। जिसकी सूचना 112 को दिया और प्लाट पर पहुंचा तो देखा कि दबंगों ने जेसीबी से गड् ?ढा खोदकर बाउण्ड्री क्षतिग्रस्त कर दी है।

### पुलिस के हस्तक्षेप से भी नहीं माने -

पीड़ित ने बताया कि वह पुलिस चौकी तेलीबाग गया, सारा घटनाक्रम बताया पुलिस ने आरोपियों को बुलाया और कहा कि वहां पर कोई काम वहाँ नही होगा। लेकिन दोनों आरोपियों ने बीती 07/11/2025 की रात्रि में पुनः जेसीबी द्वारा लगभग 5 फीट और आगे बढ़कर प्लाट में खुदायी करके मिट्टी और बाउण्ड्रीवाल का मलवा और गेट कब्जा करने की नियत से उठा ले गये। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि डॉ ज्ञान चंद्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है, लेकिन मामला राजस्व से संबंधित है, जिसे एस डी एम सरोजनी नगर को जांच के भेजा गया है।

## दिल्ली ब्लास्ट मामले में डॉ. परवेज पर गहराया शक, जम्मू-कश्मीर पुलिस साथ ले गई फरीदाबाद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जम्मू-कश्मीर पुलिस व उप्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की संयुक्त छानबीन के दौरान सामने आए तथ्यों से फरीदाबाद में पकड़ी गई डॉ. शहीन के लखनऊ निवासी छोटे भाई डॉ. परवेज शाहिद अंसारी पर संदेह गहरा गया है। शुरूआती जांच में डॉ. परवेज के भी कट्टरपंथी होने की जानकारी सामने आई है। वह अपनी बहन डॉ. शाहीन व डॉ. मुजम्मिल के लगातार संपर्क में था। उसके मोबाइल फोन की फारेंसिक जांच में अहम सुराग हाथ लगने की उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस डॉ. परवेज को अपने साथ फरीदाबाद ले गई। पड़ताल में यह भी सामने आया है कि डॉ. शाहीद अगस्त माह में लखनऊ आई थी। वह अन्य किन शहरों में गई थी और उसने किन लोगों से संपर्क किया था। एटीएस इसकी जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहा है। वहीं डॉ. आदिल के पाकिस्तानी हैंडलरों के लगातार संपर्क में होने की जानकारी भी सामने आई है। दिल्ली में हुए धमाके के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एटीएस के साथ मंगलवार को लखनऊ में शाहीन के पैतृक आवास व डॉ. परवेज के घर पर गहन छानबीन की थी। डॉ. परवेज के घर से बरामद तीन कीपैड मोबाइल फोन, एक हार्ड डिस्क व अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण कब्जे में लिए थे, जिन्हें फारेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, जिनसे उसके आतंकी माड्यूल में शामिल होने के पुख्ता प्रमाण तलाशने का प्रयास भी होगा। जब्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से संचार, वित्तीय लेनदेन व संदिग्धों की जानकारी मिलने की उम्मीद है। सहारनपुर में डॉ. बिलाल व डॉ. असलम जैदी समेत कुछ अन्य संदिग्धों से भी गहन पूछताछ की गई थी। हालांकि, इनमें से किसी को जम्मू-कश्मीर पुलिस साथ नहीं ले गई।

जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन वाले पोस्टर लगाने के मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने छह नवंबर को जम्मू-कश्मीर के ही निवासी डॉ. आदिल अहमद को सहारनपुर से पकड़ा था। इसके बाद फरीदाबाद में जम्मू-कश्मीर का निवासी डा.मुजम्मिल पकड़ा गया था और उसकी करीबी लखनऊ निवासी डॉ. शाहीन भी पकड़ी गई थी। इनके कब्जे से विस्फोटक व हथियार बरामद हुए थे। इसी बीच गुजरात एटीएस ने हैदराबाद निवासी आतंकी अहमद मोहियुद्दीन सैयद को असलहों व केमिकल की सप्लाई करने गए कैराना निवासी आजाद सुलेमान शेख व लखीमपुर खीरी निवासी मु. सुहैल को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियां दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद दोनों की आतंकी मॉड्यूल को लेकर गहनता से छानबीन कर रही हैं। इनके आपसी कनेक्शन होने की भी आशंका है। गुजरात में पकड़े गए सुलेमान शेख व मु.सुहैल लखनऊ में आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) कार्यालय व मुख्यमंत्री आवास के आसपास समेत कई अन्य प्रमुख स्थानों पर रेकी की थी।

## 16 नवम्बर को मथुरा में होगा रालोद का राष्ट्रीय अधिवेशन

### ऐतिहासिक एवं भव्य होगा रालोद का राष्ट्रीय अधिवेशन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बताया कि आगामी 16 नवम्बर को जनपद मथुरा के कोसीकला में रालोद का राष्ट्रीय अधिवेशन भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा ।

राष्ट्रीय लोकदल का राष्ट्रीय अधिवेशन ऐतिहासिक होगा, अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पूरे मथुरा शहर में पार्टी की होर्डिंग, बैनर इत्यादि लगाए जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य प्रदेशों से पार्टी के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस अधिवेशन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा होगी। राष्ट्रीय



लोकदल का यह कदम संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक दिशा तय करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। अधिवेशन में देश भर से आए पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ एवं किसान प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि भाग लेंगे। श्री दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के अधिवेशन की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बैठके आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने के लिए इसमें पहुंचना सभी का दायित्व है इस बात को लेकर कार्यकताओं में भारी जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। पार्टी संगठन के अथक प्रयासों और कार्यकताओं की मेहनत से यह अभियान एक व्यापक जनांदोलन में बदल गया। इस अधिवेशन में पार्टी नेतृत्व द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड जैसे सभी क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने की दिशा में ठोस निर्णय लिए जाएंगे। संगठन विस्तार, बूथ सुदृढ़ीकरण, स्थानीय नेतृत्व का सशक्तिकरण तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने जैसे विषयों पर भी अधिवेशन में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। यह अधिवेशन पार्टी के आगामी राजनीतिक अभियान की दिशा तय करेगा। यह अधिवेशन पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए चरणबद्ध कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसमें मंडल, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर बैठकें, प्रशिक्षण शिविर और जनता के बीच संवाद कार्यक्रम शामिल होंगे। अधिवेशन में यह भी चर्चा होगी कि किस प्रकार राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाया जाए। राष्ट्रीय लोकदल का उद्देश्य है कि किसानों, नौजवानों, महिलाओं और मजदूरों की आवाज को और अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जाए। उन्होंने कहा कि अधिवेशन में किसानों के कल्याण से संबंधित प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे राष्ट्रीय लोकदल का यह अधिवेशन न केवल संगठनात्मक दृष्टि से बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी मील का पत्थर सिद्ध होगा। यह कार्यक्रम आने वाले चुनावों की दिशा और पार्टी के जनाधार को मजबूत करने की दिशा में एक नई शुरूआत साबित होगा।

## संक्षेप

### आवारा जानवर से टकराई बाइक चालक घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में बिल्हौर मार्ग स्थित नानामऊ पुल के पास बुधवार शाम एक तेज रफ्तार बाइक आवारा जानवर से टकरा गई।इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गया।घायल युवक की पहचान फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र निवासी 26 वर्षीय शैलेंद्र पुत्र रामसहारे के रूप में हुई है।उसे डायल 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बांगरमऊ ले जाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद शैलेंद्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, शैलेंद्र बिल्हौर से अपने घर लौट रहा था, तभी नानामऊ पुल पर अचानक आवारा जानवर सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मुंशीगंज रसूलाबाद मार्ग मौला बांकीपुर गांव के पास 28 अक्टूबर को गांव के ही दिलीप सिंह 40 वर्ष पुत्र अशोक सिंह साइकिल से खेत पर जा रहे थे तभी गांव के बाहर सड़क को पार करते समय अज्ञात वाहन साइकिल में टक्कर मारते हुए रसूलाबाद की तरफ भाग निकला टक्कर लगने से किसान गंभीर घायल हो गया राजगीरों की सूचना पर परिजन सीएचसी लेकर गए जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया परिजन लखनऊ के एक निजी अस्पताल में घायल का इलाज करा रहे थे आराम मिलने पर परिजन घायल को मंगलवार घर ले आए आए जहा बुधवार सुबह चार बजे किसान की मौत हो गई , मृतक की पत्नी माया , बेटी रश्मि सिंह रो रो कर बेहाल हो गई, पत्नी माया की सूचना पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा, कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि पत्नी की सूचना पर शव को पीएम के लिए भेजा गया तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

### दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, दो युवक घायल

उन्नाव।मांखी थाना क्षेत्र में बुधवार चकलवंशी मियागंज मार्ग पर आटो को ओवर टेक कर रहे बाइक सवार दो युवकों को सामने से आ रहे अनियंत्रित बाइक चालक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइकों पर सवार दो युवक गभींर रुप से घायल हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। कानपुर नगर क्षेत्र के कल्याण पुर निवासी अभिनव पुत्र ओमप्रकाश साथी रितेश के साथ दुकानदारों के यहां क्यू आर कोड लगाने का काम करता है जिसके लिए मियागंज की ओर जा रहा था इसी बीच मिजार्पुर कला गांव स्थित पेट्रोल पंप से तेल भरा कर लौट रहे माखी थाना क्षेत्र के राम पुर गांव निवासी संतोष पुत्र कल्लू साथी भूपेंद्र पुत्र सहदेव के साथ लौट रहा था इसी बीच सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गयी जिससे अभिनव व दूसरी बाइक सवार भूपेंद्र घायल हो गए जबकि पीछे बैठे युवक को मामूली चोट लगी

# दिल्ली धमाके के बाद जिला प्रशासन अलर्ट रेलवे स्टेशन पर चलाया सघन चेकिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।दिल्ली सोमवार शाम हुए बम धमाके के बाद उन्नाव जिले में सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं।इसी क्रम में मंगलवार रात उन्नाव रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) जेपी सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक (एडिशनल एसपी) अखिलेश सिंह ने किया।पुलिस टीम ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, कैंटीन एरिया, ओवरब्रिज और पार्किंग स्थल की गहनता से जांच की। डॉग स्क्वायड और बम डिस्पोजल दस्ता भी इस अभियान में शामिल रहे। यात्रियों के बैग और संदिग्ध वस्तुओं की बारीकी से जांच की गई। इस चेकिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ी खामी सामने आई।स्टेशन का मेटल डिटेक्टर लंबे समय से खराब पाया गया, जिसके कारण यात्री बिना किसी जांच के स्टेशन के अंदर-बाहर आ-जा रहे थे।इस लापरवाही को अधिकारियों की नजर में आते ही एसपी जेपी सिंह ने स्टेशन प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने तत्काल मेटल डिटेक्टर को ठीक कराने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जांच अभियान के दौरान स्टेशन की पार्किंग में चार से पांच बाइक लावारिस हालत में खड़ी मिलीं।पुलिस ने सभी वाहनों के नंबर नोट किए और उनके सत्यापन के निर्देश दिए।एसपी ने यह भी कहा कि जो वाहन मालिक आगे नहीं आएंगे, उनका निस्तारण नियमों के अनुसार किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। रेलवे प्रशासन को भी सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। एडिशनल एसपी अखिलेश सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर नियमित चेकिंग अभियान जारी रहेगा।दिल्ली धमाके के बाद उन्नाव पुलिस की यह कार्रवाई जिले में सुरक्षा तैयारियों की गंभीरता को दशार्ती है। हालांकि, स्टेशन पर खराब पड़ा मेटल डिटेक्टर सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।पुलिस ने फिलहाल स्थिति पर कड़ी नजर बनाए रखने की बात कही है।

# अवैध कच्ची शराब समेत दो महिला व दो युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। इस अभियान के तहत चार अभियुक्तों को 76 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 पुरवा निशांत सिंह ने स्थानीय पुलिस टीम के साथ मिलकर मौरावां थाना क्षेत्र के ग्राम गौरी, हिलौली और घिनाखेड़ा मजरा पारा में सघन छापेमारी की। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में शिवकली पत्नी दढई, कमला पत्नी स्व. रामनरेश, कल्लू पुत्र स्व. राजपाल और शिव नारायण पुत्र स्व. सुखदीन शामिल हैं।ये सभी मौरावां थाना क्षेत्र के छोटी गौरी और हिलौली के निवासी हैं।टीम ने मौके से भारी मात्रा में कच्ची शराब बनाने के उपकरण और लहन भी नष्ट किया।जब्त की गई शराब को मौके पर ही सील कर थाने में जमा कराया गया।आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार मिल रही शिकायतों और सूचनाओं के आधार पर की गई। इन इलाकों में लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा था, जिससे ग्रामीणों में असंतोष था। छापेमारी के दौरान टीम को कई स्थानों पर शराब बनाने के टीन, ड्रम, भट्ठी और प्लास्टिक के डिब्बे मिले, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार चारों अभियुक्तों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है।टीम को ऐसे अभियानों को और तेज करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि त्योहारों से पहले अवैध शराब की आपूर्ति पूरी तरह रोकी जा सके।अनुराग मिश्र ने यह भी बताया कि जिले में आबकारी टीम द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या भंडारण में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आगामी दिनों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के अमरसस गांव में एक 40 वर्षीय किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्णपाल पुत्र कंचम के रूप में हुई है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।ग्रामीणों के मुताबिक, कृष्णपाल रोज की तरह अपने घर पर सोए थे।सुबह जब वे काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आए, तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया।

अंदर जाने पर कृष्णपाल अचेत अवस्था में मिले। परिजन उन्हें तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जमा हो गई।मृतक के पिता कंचम ने बताया कि कृष्णपाल खेती-किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है। परिजनों के अनुसार, कृष्णपाल पूरी तरह स्वस्थ थे और उन्हें कोई ज्ञात बीमारी नहीं थी।

उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि मौत किन परिस्थितियों में हुई।कुछ ग्रामीणों ने हृदय गति रुकने या किसी जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत होने की आशंका जताई है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।

अचलगंज पुलिस को सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष अचलगंज ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।प्रारंभिक जांच में शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उप निबंधक कार्यालय के भवन का क्षेत्रीय विधायक ने किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। प्रदेश के स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में उप निबंधक कार्यालयों के शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मालूम हो कि तहसील क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर आंबापारा (कुर्मिन खेड़ा) निवासी उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा प्रमुख समाजसेवी फारूक अहमद एडवोकेट द्वारा उप निबंधक कार्यालय बनाए जाने की मांग पूर्व में की थी और उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में इस संबंध में जनहित याचिका भी दायर की थी। उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद कार्य न होने पर अवमानना याचिका भी दायर की गई थी। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उप निबंधक कार्यालय का संचालन तहसील परिसर में शुरू किया गया था। उप निबंधक कार्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर आज भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार ने इसका शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि काफी लम्बे समय से इस भवन की प्रतिक्षा थी जो आज पूरी हुई।आगे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी का निर्देश है कि हर तहसील का अपना निबंधन कार्यालय हो और सरकार इसी पर काम कर रही है। इस भवन का निर्माण 2 करोड़ 28 लाख 95 हजार रुपये की लागत से होगा। वर्तमान में यह कार्यालय तहसील परिसर में है।जिससे जगह के अभाव में काम करने में कठिनाई होती थी। नया भवन बनने से लोगों को जमीन के क्रय-विक्रय सम्बन्धी कार्यों में सुविधा होगी और उन्हें सहूलियत भी मिलेगी। इस मौके पर सहायक महानिरीक्षक निबंधन उन्नाव कंजन मिश्रा, उपजिलाधिकारी बांगरमऊ बृजमोहन शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष संदीप सिंह, बांगरमऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीकान्त द्विवेदी, एडवोकेट योगेश लोधी, सत्यपाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन परिसर में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। पुलिस लाइन में बुधवार को उमाशंकर दीक्षित संयुक्त चिकित्सालय के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने स्वयं रक्तदान कर किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि ₹रक्तदान महादान है, यह किसी की जान बचाने का सबसे बड़ा मानव धर्म है।₹ उन्होंने पुलिसकर्मियों और नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की ताकि आपात स्थिति में किसी को रक्त की कमी का सामना न करना पड़े। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की सेवा के हर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।शिविर में आरआई रिजर्व पुलिस लाइन अब्दुल रशीद सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों का यह कदम समाज में सकारात्मक संदेश देगा और युवाओं को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने रक्तदान से पहले सभी दाताओं की स्वास्थ्य जांच की और पूरी सावधानी के साथ रक्त एकत्र किया। डॉक्टरों ने बताया कि एकत्रित रक्त को ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा जाएगा, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता मिल सके। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों, महिला आरक्षियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कई प्रतिभागियों ने इसे गर्व और संतोष से भरा अनुभव बताया। आयोजन के अंत में चिकित्सा दल और सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# सुगमेश्वर मंदिर जगराता एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर उठाया आनंद

अमन लेखनी समाचार




मौरावां, उन्नाव। सुगमेश्वर महादेव मंदिर मौरावां की पहली वर्ष गांठ अवसर पर तमाम गणमान्य जनों ने सहभागिता निभाकर कर आयोजन को भव्य बना दिया।वैदिक रीति से रुद्राभिषेक,रात्रि में जागरण व दिन में भजन संध्या का लोगों ने आनंद लिया।भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद चखा।आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद त्रिपाठी गुड्डू ने कहा कि मेला,मंदिर तीर्थ सभी समाज को जोड़ते हैं यहां राग द्वेष नहीं परस्पर प्रेम दिखाई देता है। निकट भविष्य में सुगमेश्वर मंदिर सामाजिक श्रद्धा का केंद्र बनेगा।मौरावां निवासी व उच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता एस बी शर्मा के अथक प्रयासों का परिणाम सुगमेश्वर मंदिर की भव्यता एवं दिव्यता है पिछले साल शर्मा ने अपने सहयोगियों को साथ लेकर मंदिर का ऐसा कायाकल्प किया और विशाल आयोजन करने मंदिर को श्रद्धा का केंद्र बना दिया।एक वर्ष पूर्ण होने पर पहली वर्ष गांठ भी भव्यता से मनाई बतातें चले कि दो दिवसीय आयोजन की शुरूवात रुद्राभिषेक से हुई काशी से आए विद्वानों ने विधि विधान से मूर्ति का अभिषेक एवं पूजन अर्चन किया।रात्रि में माता का जागरण हुआ व दिन में भंडारे के साथ ही भजन संध्या का आयोजन हुआ चौबीस घंटे से अधिक कार्यक्रम का लोगों ने खूब आनंद उठाया।समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व एम एल सी अरविंद त्रिपाठी,पूर्व ब्लाक प्रमुख संघ अध्यक्ष अरविंद बाजपेई उर्फ नीटू ने पत्रकारों एवं मंदिर समिति से जुड़े कार्यकताओं को सम्मानित किया।इस अवसर पर प्रमोद कुमार दीक्षित,दुर्गा बक्स सिंह,पूर्व सी ओ राजीव प्रताप सिंह,जगदीश सिंह,राजू शुक्ल, पदमधर द्विवेदी, मोती लाल लोधी, शिवा मास्टर उर्फ लाला,अधिवक्ता भूपेश बाथम,उमेश सिंह दीपू अगिनहोत्री, नंगू सिंह,यश भारद्वाज, ईश भारद्वाज,सुनील सिंह, राधेश्याम गुप्ता, दिनेश त्रिपाठी,देवेश सिंह, निखिलेश शर्मा सहित तमाम गणमान्यजन मौजूद रहे मुख्य आयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता राम बहादुर शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त कर सफल आयोजन की बधाई दी।

# स्वास्थ्य शिविर कैंप का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण कंट्रोल सोसाइटी लखनऊ एवं जिला क्षय रोग अधिकारी के आदेशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम द्वारा आईसीटीसी सेंटर से महेश कुमार ने ग्राम असहरु में स्वास्थ्य शिविर कैम्प लगा जांचें की। बुधवार को पुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आईसीटीसी सेंटर के महेश कुमार द्वारा असेहरु गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों की एच आई वी जांचें व स्क्रीनिंग की गई और सभी को एच आई वी फैलने और बचाव के कारण बताए गए और सामाजिक लांछन व भेद भाव को दूर कर समानता व्यवहार लाने की जानकारी दी गई।वहीं कैम्प में एएनएम रंजना वर्मा व आंगनवाड़ी प्रभा रानी, सीमा आदि मौजूद रही।

# नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन की कार्यकारणी ने एसडीएम से की भेट

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव।बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने एसडीएम से मुलाकात की। अध्यक्ष श्यामलाल सोनी एडवोकेट के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने तहसील के सक्षम अधिकारियों से वार्ता की। मंगलवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव से बार एसोसिएशन पुरवा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्याम लाल सोनी एडवोकेट व नवनिर्वाचित महामंत्री सुमेर सिंह यादव एडवोकेट ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के साथ वादकारियों की समस्याओं और समाधान पर चर्चा की। वार्ता के दौरान तहसीलदार मनीष द्विवेदी भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि बेंच की तरफ से पूर्ण सहयोग किया जायेगा, जिससे वादकारियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। सभी पदाधिकारियों ने बेंच का आभार व्यक्त किया। इस बैठक में सुरेन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट, संदीप पांडेय एडवोकेट, अमित वर्मा एडवोकेट, राम नरेश एडवोकेट, मोहसिन खान एडवोकेट, अभिषेक मिश्रा एडवोकेट, रवी एडवोकेट, रत्नम चौरसिया एडवोकेट मीडिया प्रभारी बार एसोसिएशन पुरवा, नरेंद्र रावत एडवोकेट, दुर्गेश एडवोकेट, जितेंद्र यादव एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे।

# तालाब के पानी में उतराता मिला वृद्ध का शव

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव।अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हड़हा में एक 65 वर्षीय वृद्ध का शव घर के पीछे स्थित तालाब के पानी ने उतराता मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवा कर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है।

हड़हा के वार्ड संख्या 12 निवासी 65 वर्षीय पुतान बुधवार सुबह करीब छह बजे नित्य क्रिया करने बाद चाय पीने बाजार की ओर चले गए।काफी देर तक वापस नहीं आए।इसी बीच गांव के ही फूल चंद तालाब में मछली पकड़ने गए थे जिन्हें पानी में पुतान का शव उतराता दिखा तो उन्होंने इसकी सूचना उनके परिजनों को दिया। पानी में शव मिलने की सूचना पर तालाब के किनारे भीड़ इकठ्ठा हो गई।मृतक के बेटे गुड्डू ने बताया कि पिता दैनिक क्रिया करने के बाद सुबह चाय पीने हड़हा बाजार की ओर चले गए थे। जिसके बाद वह कब तालाब की ओर जाकर उसमें गिर गए किसी को पता नहीं चला। तालाब काफी गहरा है। जिसके चारों ओर बस्ती होने से हर साल कोई न कोई दुर्घटना घटित होती रहती है।मृतक के पुत्र ने थाने में पिता की पानी में फिसल कर डूब जाने से मौत होने की तहरीर दी है। मृतक के दो बेटे राजेश व गुड्डू है दोनों विवाहित है।पत्नी की काफी अर्से पहले मौत हो चुकी है।मृतक बेटों के साथ झाड़ू, कुचड़े बनाने का काम करता था।

# गैर जनपद मजदूरी करने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।गैर जनपद काम करने गए फैक्ट्री मजदूर की कार्यस्थल पर रहस्यमय ढंग से मौत हो गई। हरदोई मुख्यालय से शव देर शाम तक घर पहुंचने की आशंका जताई जा रही है घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव संभरखेड़ा निवासी 35 वर्षीय सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्रीपाल हरदोई जनपद के संडीला औद्योगिक क्षेत्र की किसी एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था जहां पर काम के दौरान अचानक तबियत बिगड़ गई जिसे इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस घटना की सूचना पर घटनास्थल पहुंचे परिजनों द्वार फैक्ट्री के किसी केमिकल के संपर्क में आने से मौत होने की बात कही जा रही हरदोई पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भिजवाया है परिजनों के अनुसार देर शाम तक शव घर पहुंच सकता है।अचानक मजदूर की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# भगवताचार्य ने पंचम दिवस पर रहस्यमय रास लीला कथा का किया वर्णन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के ऐतिहासिक बोधेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस भागवताचार्य पंडित रामदेव शास्त्री ने रहस्यमय रास लीला की कथा का वर्णन कर श्रोता भक्तों को निर्विकार स्थित में पहुंचा दिया। उन्होंने बताया कि गोपियों का कृष्ण के साथ रासलीला वस्तुतः जीव और ब्रह्म का मिलन है। भागवताचार्य श्री शास्त्री ने बताया कि देश का वातावरण शुद्ध हुआ और साथ ही आत्मा में पवित्रता आई।तब भगवान कृष्ण ने ज्ञान रूपी वंशी बजाई। वासना रहित पवित्रात्मा गोपियों ने रसीली ध्वनि सुनते ही अर्धरात्रि के समय कृष्ण से मिलने आ पहुंचीं।सभी गोपियों ने भगवान कृष्ण से कहा कि सांसारिक विषयों को छोड़कर आपके चरणो में आई हूं।जैसे मोक्ष की इच्छा करने वाली आत्मा को परमपिता परमात्मा अपना लेते हैं।वैसे ही आप हम सब गोपियों को अपना लीजिए। कृष्ण की दया-दृष्टि से आत्मा का परमात्मा के साथ मिलन हो गया।वहीं पार्वती की कृपा से गोपी का वेश धारण कर रासलीला में पहुंचे शिवजी भी गोपीश्वर कहलाए।

# दिल्ली के रामलीला मैदान में धरने को लेकर शिक्षक संघ ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मियागंज की अति आवश्यक बैठक बीआरसी मियागंज में संपन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से दिल्ली के रामलीला ग्राउंड पर धरने को लेकर चर्चा की गई।इस बैठक में मौजूद प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंह ने सभी से धरने में दिल्ली चलने की अपील की।वही ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश तिवारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी शिक्षक पेट अनिवार्यता के विरोध में 5 दिसंबर 2025 को धरने में शामिल हो और शासन तक अपना विरोध दर्ज कराएं।बैठक में आशुतोष त्रिपाठी, अरविंद सिंह, सचिन सिंह, अशोक, अनिल, अजय, मीडिया प्रभारी विवेक तिवारी, विवेक शुक्ला, आशीष खन्ना, रेनू सिंह, सुकुर्ति, सब एहसान, संतोष रावत संतोष रावत, दिलीप कुमार, रमेशचन्द्र , शिव दर्शन ,मोहम्मद जुबैर अख्तर, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# पाक को समझाने की सही रणनीति अपना रहा भारत

पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हिन्दुओं की हत्या कर पूरे भारत में आक्रोश फैला दिया था, नतीजतन भारत ने पाक को सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर लांच किया। भारतीय सैन्य बल ने ऐसा कौशल दिखाया कि चंद मिनटों में ही पाक स्थित आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूत कर दिया। भारतीय कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने कश्मीर में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया। भारत पर एक के बाद एक हमले शुरू कर दिए, लेकिन हमारे सुरक्षा कवच के सामने उसके सारे प्रयास बौने सबित हुए। इसके बाद शुरू हुई भारतीय सेना की कड़ी कार्रवाई को पिद्दी सा पाकिस्तान चार दिन भी नहीं झेल पाया और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाने लगा। पाक हुकूमरान संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष भारत से बचाने फरियाद लगाने पहुंच गए। भारत संघर्ष विराम पर सहमत तो हुआ किन्तु यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि पाकिस्तान ने फिर किसी आतंकवादी वारदात को अंजाम दिया तो भारत इसे युद्ध मानेगा और पाकिस्तान को इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। इसी के साथ भारत ने यह भी साफ कर दिया कि जब तक पाक नहीं सुधरता सिंधु जल समझौता निलंबित ही रहेगा। इतना सब होने के बाद भी पाकिस्तान है कि सुधरने का नाम ही नहीं ले रहा। वो रह रहकर ऐसे हरकतें करता रहता कि किसी भी तरह से भारत की शांति को प्रभावित किया जा सके। 1947 में पाकिस्तान गठन के बाद से उसके हुकूमरानों की हर कोशिश रही है कि किसी भी तरह से भारत को परेशान रखा जाए। यही कारण रहा कि आजादी के चंद दिनों बाद ही उसने कश्मीर पर धावा बोल दिया। ऐसा ही प्रयास उसने 1971 में भी किया, लेकिन उसकी इस नापाक हरकत का परिणाम यह निकला कि पाक के दो टुकड़े हो गए। उसके 90000 सैनिकों को बंदी बना लिया गया। इसके बावजूद पाकिस्तान नहीं सुधरा। वो कहावत है कि कुत्ते की दुम चाहे 20 साल तक भी नली में डालकर रखी जाए तब भी वह सीधी नहीं होती। ऐसा ही हाल पाक का भी है। उसके बाद उसने कारगिल पर उस समय कब्जे का प्रयास किया, जब भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर पाकिस्तान गए हुए थे। उसकी इस हरकत का भारतीय सैनिकों ने ऐसा जवाब दिया कि पाक ने शहीद हुए अपने सैनिकों को ही अपनाने से इनकार कर दिया। इसके बाद भी रह रहकर पाकिस्तान आतंकवाद के सहारे भारत की शांति को भंग करने का प्रयास करता रहा। अब 2014 के बाद से हालात बदल चुके हैं। अब उसकी इन हरकतों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। अब आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत ने भी यही कहा है कि दिल्ली को उसी भाषा में बात करनी चाहिए जो वे समझते हैं। हमें उनकी बार-बार की कोशिशों के लिए तैयार रहना होगा। हमें उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना होगा, उन्हें हमेशा हराना होगा, हर बार उन्हें ऐसा नुकसान पहुंचाना होगा कि उन्हें पछतावा हो। ऐसे लगातार जवाब आखिरकार पाकिस्तान को अपना रवैया बदलने पर मजबूर कर देंगे। जब यह चलता रहेगा तो एक दिन पाकिस्तान समझ जाएगा। हम चाहते हैं कि वे यह समझें और फिर शांतिपूर्ण पड़ोसी बन जाएं। हमारी तरक्की के साथ हम उन्हें भी तरक्की करवाएंगे। आरएसएस प्रमुख ने बिलकुल सही कहा है। भारत भी अब इसी रणनीति पर चल रहा है।



चुनाव
प्रमोद भार्गव

# लोकतंत्र में मतदाता की बढ़ी भागीदारी

मतदान में बढ़ी रुचि को सामान्यत: एंटी-इन्कंबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971,1977 और 1980-2014 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा कुछ चुनावों में बदली है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिषत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी माकपा सरकार को परास्त कर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई। गोया लगता है मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचलित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं।

इस बार बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में जिस बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया, वह पहली बार देखने में आया है। 64.66 प्रतिशत हुए इस मतदान में लोगों की सजगता तो दिखी ही, जंगलराज के लिए बदनाम रहे बिहार में निर्भीक मतदान कराने में निर्वाचन आयोग की भी अहम भूमिका रही है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को कितने प्रतिशत वोट मिलते हैं, यह तो परिणाम के बाद ही तय होगा, लेकिन उन्होंने पूरे बिहार में स्वच्छ व निडर मतदान के लिए जो अभियान चलाया, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। प्रवासी मतदाताओं के मुद्दे को न केवल प्रशांत ने उठाया, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के उपाय भी बताए। इस कारण प्रवासी मतदाताओं ने देशभर से बिहार आकर चुनाव में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इसीलिए यह मतदान राज्य में हुए अब तक के चुनावों में एक कीर्तिमान माना जा रहा है। पहले चरण में राज्य के 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ है। शेष सीटों पर दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होगा। अब संभावना है कि वोट का प्रतिशत 65 से भी ऊपर जा सकता है ?

अंदाजा लगाया जा रहा है कि इतनी भारी संख्या में मतदान के लिए लोगों का निकलना सत्ता विरोधी रुझान का संकेत है। कांग्रेस और राजद इसे बदलाव के रूप में देख रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ राजग गठबंधन का दावा है कि मत प्रतिशत बढ़ने से राजग की सीटों में इजाफा होगा। पारंपरिक नजरिये से मतदान में बढ़ी रुचि को सामान्यतः एंटी-इन्कंबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971,1977 और 1980-2014 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा कुछ चुनावों में बदली है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार को परास्त कर, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई। गोया लगता है मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचालित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं।

बावजूद मत प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर रहा है। हालांकि फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि अब अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल रहा है। इससे कालातंर में राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। क्योंकि जब मतदान प्रतिशत 75 से 85 होने लगता है तो किसी धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत कम हो जाती है। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाता। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति नगण्य हो जाती है। क्योंकि कोई प्रत्याशी छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृष्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होगा ? लेकिन



2023 में मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव में तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना सम्मान निधि योजना को अमल में लाकर महिलाओं को रिझाकर अपनी जीत पक्की कर ली थी। इसी तर्ज पर बिहार में भी बड़ी संख्या में महिलाओं को एक मुश्त 10 हजार रुपये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देकर भाजपा-जदयू की जीत की ओर कदम बढ़ा दिया है। अत एव यह कहना उचित नहीं लगता कि मतदान का बढ़ा प्रतिशत सत्ताविरोधी रूझान है।

इस बढ़े प्रतिशत का कारण मतदान के लिए बनाई गईं वे अनुकूल स्थितियां भी हैं, जिन्हें चुनाव आयोग ने अंजाम तक पहुंचाने का काम किया है। चुनाव से पहले मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की कार्रवाई हुई। इसके चलते बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों पर शिकंजा कसा और बड़ी संख्या में मतदाता बाहर हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान बिहार का प्रमुख छठ पर्व पड़ा, जिसके कारण बिहार के जो लोग दूसरे राज्यों में काम कर रहे थे, वे त्योहार के बहाने बिहार पहुंचे और मतदान भी किया। दूसरे चरण के मतदान के लिए भी प्रवासी रुके हुए हैं। इंडिया गठबंधन ने भी महिलाओं के लिए माई-बहन योजना और प्रत्येक परिवार में से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने का वादा करके जो बड़ा दांव चला है, वह भी वोट-प्रतिशत बढ़ने का एक कारण रहा है। मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया ने सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाताओं को प्रभावित किया है। इस कारण एक समय जो वोट प्रशांत किशोर की सुराज पार्टी की तरफ झुकता दिखाई दे रहा था, वह राजग के विरुद्ध ध्रुवीकृत हुआ और उसने शत-प्रतिशत मतदान में भागीदारी की। राजद अपनी जीत का आधार यादव और मुस्लिम वोटों के बने समीकरण को मानकर चल रहा है।

इधर, बड़े मतदान में रेलवे ने दावा किया है कि 13 हजार से अधिक रेलें चलाकर 3 करोड़ से भी ज्यादा मतदाताओं को बिहार की धरती पर पहुंचाकर उसने मतदान में बड़ी भागीदारी कराई है। बिहार आने-जाने वाले लोगों को बीस प्रतिशत किराए में छूट भी दी गई है। दूसरी तरफ बिहार राज्य परिवहन निगम की बसों में भी बीस से तीस प्रतिशत तक की छूट के साथ दिल्ली, उप्र, पंजाब, हरियाणा एवं अन्य राज्यों के लिए विशेष बसें चलाई गई हैं। साफ है, डबल इंजन की सरकार का यह फार्मूला क्या परिणाम देता है, यह तो वोटों की गिनती के बाद ही पता चलेगा, किंतु मतदान प्रतिशत बढ़ाने का काम इस प्रक्रिया ने फिलहाल कर दिया है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस नाते 2005 में भाजपा के एक सांसद लोकसभा में 'अनिवार्य मतदान' संबंधी विधेयक लाए भी थे, लेकिन बहुमत नहीं मिलने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस व अन्य दलों ने इस विधेयक के विरोध का कारण बताया था कि दबाव डालकर मतदान कराना संविधान की अवहेलना है। क्योंकि भारतीय संविधान में अब तक मतदान करना मतदाता का स्वैच्छिक अधिकार तो है, लेकिन वह इस कर्तव्य-पालन के लिए बाध्यकारी नहीं है। लिहाजा वह इस राष्ट्रीय दायित्व को गंभीरता से न लेते हुए, उदासीनता बरतता है। हमारे यहां आर्थिक रूप से संपन्न सुविधा भोगी जो तबका है, वह अनिवार्य मतदान को संविधान में दी निजी स्वतंत्रता में बाधा मानते हुए इसका मखौल उड़ाता है। बिहार के मतदाता के समक्ष चुनावी प्रलोभनों की कसौटी जरूर है, लेकिन मतदाता अपने दायित्व के प्रति भी सजग हुआ है। इस कारण भी मत-प्रतिशत बढ़ा है।

विश्व विज्ञान दिवस
प्रो . आरके जैन "अरिजीत"



# जहां सवाल होते हैं, वहीं जन्म लेता है विज्ञान

एक अंधेरी रात में, सदियों पहले, कोई इंसान आकाश की ओर देखता है और मन में सवाल उठता है - "ये तारे क्यों टिमटिमाते हैं? ये ग्रह क्यों घूमते हैं?" यही सवाल गैलीलियो को दूरबीन थामने के लिए प्रेरित करता है, न्यूटन को सेब गिरते देखने के लिए मजबूर करता है और आज हम मंगल पर मानव बस्तियां बसाने का सपना देख रहे हैं। विज्ञान केवल किताबों या डिग्रियों तक सीमित नहीं है- यह वह अंतहीन जिज्ञासा है, जो इंसान को इंसान बनाती है। हर साल 10 नवंबर को जब हम विश्व विज्ञान दिवस मनाते हैं, हम उस अविचलित जिज्ञासा को नमन करते हैं, जो अज्ञानता के अंधकार से प्रकाश की ओर हमारी राह खोलती है और हमारी सोच की सीमाओं को पीछे छोड़ देती है। यूनेस्को ने इस दिवस की शुरुआत 2001 में की थी और इसका नाम रखा था - "शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस।" इस नाम में ही एक संदेश छिपा है : विज्ञान न किसी देश का गुलाम है, न किसी धर्म का विरोधी। जब दुनिया परमाणु बम की धमकियों से कांप रही थी, उसी समय विज्ञान ने इंसुलिन खोजकर मधुमेह से पीड़ित लोगों को जीवन दिया, पोलियो को जड़ से उखाड़ फेंका और इंटरनेट जैसी क्रांति से ज्ञान की सीमाओं को तोड़ा। विज्ञान ने हमेशा यह साबित किया है कि उसके हाथों में शक्ति है- विनाश की भी, रचना की भी। दिशा तय करना हमारा काम है। आज जलवायु संकट, वैश्विक महामारी या अंतरिक्ष में नई दुनिया की खोज- हर चुनौती में विज्ञान सबसे आगे खड़ा है, हमारा मार्गदर्शन करता है और मानवता को उज्ज्वलता की ओर ले जाता है।



भारत की मिट्टी में विज्ञान की जड़ें गहरी हैं। हजारों साल पहले, जब आर्यभट्ट ने पृथ्वी के घूमने की बात कही, लोग हंसे। आज, हम चंद्रयान-3 के जरिए चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पानी की खोज कर रहे हैं। कोविड के सबसे कठिन दिनों में, जब पूरी दुनिया वैक्सीन के लिए तरस रही थी, भारत ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन विकसित कर एक अरब से ज्यादा डोज दुनिया को दीं। इसरो का बजट तो किसी हॉलीवुड फिल्म से भी कम है, फिर भी उसने 104 सैटेलाइट्स एक साथ लॉन्च कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह कमाल पैसों का नहीं, जुनून का है। और यही जुनून आज के छोटे वैज्ञानिकों में भी दिखता है - राजस्थान की एक लड़की जो सौर ऊर्जा से पानी शुद्ध करती है, बिहार का एक लड़का जो पुराने फोन से वेंटिलेटर बनाता है। ये बच्चे कल के वैज्ञानिक नहीं, आज के हीरो हैं। लेकिन रास्ते में कांटे भी हैं। अंधविश्वास आज भी सिर ऊंचा किए घूम रहा है। वैक्सीन को लेकर फैल रही अफवाहें, जलवायु परिवर्तन को झुठलाने वाले, ज्योतिष को विज्ञान बताने वाले - ये सभी विज्ञान के असली विरोधी हैं। विज्ञान सवाल करता है, जवाब मांगता है। और जो सवाल से डरते हैं, वे विज्ञान से डरते हैं। हमें चाहिए : स्कूलों में प्रयोगशालाएं, गांवों में इंटरनेट और सबसे ज्यादा- ऐसा माहौल जहां सवाल पूछने पर डांट न हो, बल्कि तारीफ हो। सपना देखिए : दस साल बाद का भारत। हर गांव में सौर ऊर्जा, हर खेत में ड्रोन, हर बच्चे के हाथ में टैबलेट और दिमाग में सवाल। कैंसर का इलाज सस्ता और सुलभ हो, हवा साफ हो, समुद्र का पानी पीने लायक हो। अंतरिक्ष में हमारा अपना भारतीय स्टेशन हो, जहां तिरंगा गर्व से लहराता हो। यह सपना कोई कविता नहीं, यह विज्ञान का वादा है। बस जरूरत है- नीति की, निवेश की, और सबसे बड़ी बात : विश्वास की। विश्व विज्ञान दिवस कोई केवल त्योहार नहीं है, यह एक पुकार है। पुकार है उस बच्चे की, जो पहली बार दूरबीन से चांद देखता है और उसकी आंखें विस्मय से चौड़ी हो जाती हैं। पुकार है उस मां की, जो वैक्सीन लगवाकर अपने बच्चे की सुरक्षा महसूस करती है। पुकार है उस किसान की, जो मौसम की सटीक जानकारी से अपनी फसल बचा लेता है।

## समत्वं योग उच्यते



संकलित
दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग सथित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## भगवान जी आप अपना ध्यान रखना



संकलित
प्रेरणा

एक बच्चा रोज अपने दादा जी को सायंकालीन पूजा करते देखता था। बच्चा भी उनकी इस पूजा को देखकर अंदर से स्वयं इस अनुष्ठान को पूर्ण करने की इच्छा रखता था, किन्तु दादा जी की उपस्थिति उसे अवसर नही देती थी।एक दिन दादा जी को शाम को आने में विलंब हुआ, इस अवसर का लाभ लेते हुए बच्चे ने समय पर पूजा प्रारम्भ कर दी। जब दादा जी आये, तो दीवार के पीछे से बच्चे की पूजा देख रहे थे। बच्चा बहुत सारी अगरबत्ती एवं अन्य सभी सामग्री का अनुष्ठान में यथाविधि प्रयोग करता है और फिर अपनी प्रार्थना में कहता है। भगवान जी प्रणाम ! आप मेरे दादा जी को स्वस्थ रखना और दादी के घुटनो के दर्द को ठीक कर देना, क्योंकि दादा-दादी को कुछ हो गया, तो मुझे चॉकलेट कौन देगा। फिर आगे कहता है, भगवान जी मेरे सभी दोस्तों को अच्छा रखना, वरना मेरे साथ कौन खेलेगा। फिर मेरे पापा और मम्मी को ठीक रखना, घर के कुत्ते को भी ठीक रखना, क्योंकि उसे कुछ हो गया, तो घर को चोरों से कौन बचाएगा। लेकिन भगवान यदि आप बुरा न मानो तो एक बात कहू, सबका ध्यान रखना, लेकिन उससे पहले आप अपना ध्यान रखना, क्योंकि आपको कुछ हो गया, तो हम सबका क्या होगा। इस सहज प्रार्थना को सुनकर दादा की आंखों में भी आंसू आ गए, क्योंकि ऐसी प्रार्थना उन्होंने कभी नहीं की थी। हमें उन परमपिता का हमेशा आभारी होना चाहिए जिन्होनें हमें बिना माँगे सब कुछ दिया है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

पहली बार कैंसर दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं।

*- सतीश जायसवाल, सरायपाली*

## ट्रेंड

### सराहनीय पहल



सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 80,000 से अधिक निर्णयों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की पहल वास्तव में सराहनीय है। मुझे विश्वास है कि इस उल्लेखनीय प्रयास को उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों द्वारा भी आगे बढ़ाया जाएगा।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गुमराह कर रहे



कांग्रेस 'वोट चोरी' का भ्रम फैलाकर बिहार की जनता को गुमराह कर रही है। राहुल गांधी जहां भी जाते हैं, चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हैं। सच यह है कि कांग्रेस के पास मुद्दा नही बचा, इसलिए झूठ फैलाना ही राजनीति का नया तरीका बन गया है।

- राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### अचानक ट्रेन क्यों



रेल मंत्री को जवाब देना चाहिए कि मतदान से ठीक पहले 3 नवंबर 2025 को हरियाणा से बिहार के लिए विशेष ट्रेनें क्यों चलाई गईं। अचानक इसकी क्या जरूरत हो गई थी। जबकि बिहार को त्यौहार तो छट पूजा तो इससे पहले ही पहले ही पूर्ण हो चुका था, फिर अचानक ट्रेन क्यों।

- कपिल सिब्बल, कांग्रेस नेता

### मां की डांट



दिवाली गिफ्ट और मां की डांट। मां ने टीशर्ट्स दी, मैंने कपड़े और कुछ कैश दिया जिसे मां ने दिखाने से साफ मना कर दिया। नजर न लग जाए। वैसे निक्कर वाले भाई साब फुल पैंट पहनने लगे है।

- अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर


# पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 16 लाख से अधिक बाल मजदूर

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 16 लाख से अधिक बच्चे बालश्रम में लगे हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल के एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए रविवार को यह जानकारी दी। सिंध के श्रम महानिदेशक सैयद मुहम्मद मुर्तजा अली शाह ने बताया कि पांच से 17 वर्ष तक के बच्चों की सुरक्षा के लिए कानूनों को अद्यतन करने और लागू करने के सरकार के प्रयासों के बावजूद बाल श्रम देश में एक बड़ी समस्या बनी हुई है। जुलाई-अगस्त में यूनिसेफ और सांख्यिकी ब्यूरो की तकनीकी सहायता से उनके विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण से पता चला कि प्रांत में 16 लाख से अधिक (5-17 वर्ष की आयु के 10 .3 प्रतिशत) बच्चे बाल श्रम में लगे हुए हैं।



## ऑफ बीट

# क्या उपवास आपकी मानसिक सेहत पर असर डालता है?




उपवास का चलन सिर्फ आज नहीं है, बल्कि सैकड़ों हजारों सदियों से विकसित परंपरा है, जो मनुष्यों को अभाव से निपटने में मदद करता है। जब हम नियमित रूप से खाते रहते हैं तो हमारा मस्तिष्क अधिकतर ग्लूकोज पर चलता है, जो शरीर में ग्लाइकोजन के रूप में जमा होता है। लेकिन लगभग 12 घंटे बिना भोजन के रहने के बाद ये ग्लाइकोजन भंडार कम हो जाते हैं। उस समय शरीर एक चयापचय प्रक्रिया शुरू कर देता है, जिसमें यह वसा को कीटोन बॉडीज (उदाहरण के लिए, एसीटोएसीटेट और बीटा-हाइड्रॉक्सीब्यूटिरेट) में तोड़ना शुरू कर देता है, जो एक वैकल्पिक ईंधन स्रोत प्रदान करते हैं।

## संक्षेप

### पेंशनर संगठन ने जिलाधिकारी से की मांग

**राशिकरण कटौती पर न्यायालय के आदेशों का पालन हो, डीएम ने दिया आश्वासन**

सुलतानपुर, पेंशनर संगठन ने जिलाधिकारी और वरिष्ठ कोषाधिकारी से पेंशन राशिकरण (कम्यूटेशन) की कटौती पर न्यायालय के आदेशों का पालन करने की मांग की है। संगठन का आरोप है कि कोषागार बार-बार स्थगन आदेशों के बावजूद कटौती की धमकी दे रहा है, जिसे न्यायालय की अवमानना बताया गया है। सरकार ने पेंशन राशिकरण की कटौती का प्रावधान 15 वर्ष के लिए किया था। हालांकि, माननीय न्यायालय ने विभिन्न रिट याचिकाओं में आदेश दिया है कि राशिकरण की कटौती 11 वर्ष पर रोक दी जाए। पेंशन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ने 30 सितंबर को मुख्य स्थायी अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद और लखनऊ को पत्र लिखकर सभी रिट याचिकाओं को खारिज कराने का निर्देश दिया था। संगठन का कहना है कि किसी भी न्यायालयी आदेश में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि स्थगन आदेश को अनदेखा करते हुए याचियों से राशिकरण की कटौती की जाए। इस संबंध में, पेंशनर संगठन सुल्तानपुर के संरक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव और जिलाध्यक्ष शिव मूर्ति पांडे ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने जिलाधिकारी का ध्यान इस गंभीर मुद्दे की ओर आकर्षित किया।

### बाइक सवार मजदूर की सड़क हादसे में मौत

**जयसिंहपुर में साइन बोर्ड से टकराई बाइक, इलाज के दौरान तोड़ा दम**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर में एक सड़क हादसे में बाइक सवार मजदूर राजेश (38) की मौत हो गई। बिरसिंहपुर अस्पताल के सामने उसकी बाइक सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकरा गई थी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजेश दोस्तपुर थाना क्षेत्र के भदीला गांव का निवासी था। वह रविवार रात जयसिंहपुर कोतवाली के जयसिंहपुर खुर्द गांव स्थित अपने ननिहाल में एक निमंत्रण में शामिल होने आया था। सोमवार सुबह करीब 4 बजे वह बाइक से अपने घर लौट रहा था, तभी बिरसिंहपुर अस्पताल के सामने उसकी बाइक सड़क किनारे लगे संकेतक से टकरा गई।

### कोर्ट के आदेश पर मकान धोखाधड़ी का केस दर्ज

**सुल्तानपुर में मकान बेचने के नाम पर पीड़ित से 3.5 लाख रुपये एडवांस लेकर आरोपी परिवार फरार**

सुलतानपुर, मकान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) सुल्तानपुर के आदेश पर लोकेश जायसवाल की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि एक परिवार ने लोकेश से 3.5 लाख रुपये एडवांस लेकर मकान बेचने का वादा किया, लेकिन बाद में फरार हो गया।शिकायतकर्ता लोकेश जायसवाल सिविल लाइन सीताकुंड, कोतवाली नगर सुल्तानपुर के निवासी हैं।

## विश्व निमोनिया दिवस पर सीएमओ सभागार में आयोजित हुई जागरूकता गोष्ठी

### तेज सांस और पसली धँसना निमोनिया के प्रमुख लक्षण

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा




बहराइच। समुदाय को निमोनिया की रोकथाम, पहचान और समय पर इलाज के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व निमोनिया दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा हस्ताक्षर अभियान संचालित किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सीएमओ डॉ. कुमार ने बताया कि बताया कि पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया मृत्यु का प्रमुख कारण है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार बाल मृत्यु के सभी कारणों में से 14 फीसदी मृत्यु निमोनिया से होती है, जबकि यह पूरी तरह रोकी जा सकने वाली बीमारी है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी एफआरयू पर बाल रोग विशेषज्ञों की तैनाती की गई है। जिला अस्पताल में पीकू और एसएनसीयू में निमोनिया प्रबंधन की आधुनिक सुविधाएँ मौजूद हैं। जिले की आशा कार्यकताओं को होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर के तहत प्रशिक्षित भी किया गया है, जो तेज सांस वाले नवजातों को चिन्हित कर उन्हें अस्पताल रेफर करती हैं। डिप्टी सीएमओ डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि निमोनिया फेफड़ों का संक्रमण है, जो बैक्टीरिया, वायरस या धुएं के प्रदूषण से होता है। इससे फेफड़ों में सूजन और तरल पदार्थ भर जाता है, जिससे बच्चे को सांस लेने में कठिनाई होती है। इसके मुख्य लक्षण हैं तेज सांस, पसली धँसना, दूध या खाना न पी पाना, उल्टी, नथुनों का फूलना, सुस्ती या बेहोशी। उन्होंने कहा कि सामान्य सर्दी-जुखाम में घरेलू उपाय किए जा सकते हैं लेकिन निमोनिया के लक्षण दिखते ही बच्चे को अस्पताल ले जाना चाहिए। डॉ. मिश्रा ने बताया कि यदि 0 से 2 माह के शिशु की सांस प्रति मिनट 60 या अधिक, 2 से 12 माह के बच्चे की 50 या अधिक, और 1 से 5 वर्ष के बच्चे की 40 या अधिक है, तो यह तेज सांस का संकेत है और ऐसे बच्चों को तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए। डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि बचाव के लिए बच्चों को पीसीवी टीका लगवाएँ, जन्म के 48 घंटे के भीतर न नहलाएँ, हाथों की स्वच्छता बनाए रखें, शिशु के आसपास धुएं रहित वातावरण रखें, और यदि खांसी 30 दिन से अधिक बनी रहे तो चिकित्सक से अवश्य संपर्क करें। उन्होंने बताया कि शिशु को छह माह तक केवल स्तनपान कराएँ और ठंड से बचाने के लिए पैर और सिर ढककर रखें। कार्यक्रम के अंत में निमोनिया मुक्त बहराइच के संकल्प पत्र पर सभी प्रतिभागियों ने हस्ताक्षर किए।इस मौके पर एसीएमओ डॉ. संतोष राना, तेजवापुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री, डीपीएम सरजू खान, डीसीपीएम मोहम्मद राशिद, एआरओ मुशर्रफ और जेएसआई संस्था के मनीष त्रिवेदी सहित बीपीएम व बीसीपीएम उपस्थित रहे।


## इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर सीपीएन गौतम के दिशा निर्देशन में कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच प्रथम पर फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत जिला स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा. गौतम ने बताया कि पराली जलाने के कई नुकसान हैं, जिनमें वायु प्रदूषण, मिट्टी की उर्वरता का कम होना और मानव स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है।इससे हवा में हानिकारक गैसें फैलती हैं, जैसे कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनो आक्साइड, नाइट्रोजन डाई आक्साइड, सल्फर डाई आक्साइड और मीथेन, जो जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देती हैं। साथ ही, पराली जलाने से मिट्टी के पोषक तत्व और लाभदायक सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं। डॉ. शैलेन्द्र ने बताया कि रेडी-टू-यूज पूसा डीकंपोजर एक प्रकार का जैविक घोल होता है, जो पहले से तैयार होता है और इसे सीधे इस्तेमाल किया जा सकता है। यह जैविक कचरे, जैसे कि पराली, फसल के अवशेष, और गोबर को जल्दी से खाद में बदलने के लिए बनाया गया है।यह उन सूक्ष्मजीवों का एक मिश्रण है। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. नंदन सिंह, डॉ.अरुण कुमार राजभर और डॉ. प्रियंका सिंह ने भी पराली प्रबंधन के बारे में किसानों को तकनीकी जानकारी दी।कार्यक्रम में पूर्व प्रधान जीवन लाल ग्राम सभा दामोदर जोत विकास खंड चितौरा थे।इस अवसर पर मुख्य रूप से जैसराम, राजाराम, हरिवंश, ब्रह्म प्रकाश, रविशंकर, बाबूराम, राम चन्द्र, चेतराम, खुशीराम समेत काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित



अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। प्राथमिक विद्यालय रूपईडीहा प्रथम में भारतीय संस्कृति के मूल्यों और परंपराओं से नई पीढ़ी को परिचित कराने के उद्देश्य से आज विद्यालय परिसर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, इतिहास, संस्कार, धार्मिक ग्रंथों और महान व्यक्तित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रश्नपत्र में भारतीय परंपराओं, त्योहारों, लोककथाओं और महापुरुषों के जीवन से संबंधित प्रश्न शामिल किए गए थे। विद्यालय प्रधानाध्यापिका श्रीमती आलिया खातून ने बताया कि इस प्रकार की परीक्षाएँ विद्यार्थियों में न केवल ज्ञानवृद्धि करती हैं, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने का अवसर भी देती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर सभी अध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मानसिक व शारीरिक विकास के साथ प्रतिभा में निखार लाता है खेलः ब्लॉक प्रमुख

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। विद्यालय में शिक्षा के साथ खेल आवश्यक है। खेल प्रतियोगिता मानसिक और शारीरिक विकास के साथ प्रतिभा में भी निखार लाती है। अच्छी शिक्षा बच्चों को प्रतिभावान बनाती है। उक्त बातें ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह ने पंडित राधेश्याम सरस्वती इंटर कॉलेज चर्दा में आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधन के दौरान कहीं।पंडित राधेश्याम सरस्वती इंटर कालेज में आज दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जेपी सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय में शिक्षक छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने और उनमें निखार लाने का प्रयास तो करते ही हैं। बहुत से छात्र-छात्राएं शिक्षण कार्य में ही व्यस्त होने के चलते मानसिक तनाव के शिकार भी हो जाते हैं। लेकिन विद्यालय में आयोजित की जाने वाली प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं के मानसिक और शारीरिक विकास में बड़ा महत्वपूर्ण योगदान रखती हैं। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय में शिक्षा के साथ मानसिक व शारीरिक रूप से बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए। विद्यालय में दूसरे दिन धीमी गति की साइकिल रेस, सैक रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, 100 मीटर की दौड़, कबड्डी, थ्री डी नीडल रेस का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6-8 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत, पूर्व इंजीनियर आरके सिंह की मौजूदगी में प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं की ओर से की जा रही प्रस्तुति को देखा और उनका उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में मुख्य रूप से शिक्षक पीएन बाजपेई, निसात खान, आशीष शर्मा, बृजेश आर्य, अभय दीक्षित, जीवी पाठक, अवनीश गुप्ता का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक कौशलेंद्र पांडेय ने छात्र-छात्राओं और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## इमपैनल्ड सीड कम्पनियों द्वारा शाकभाजी बीज के लगाये गये स्टाल

### कृषकों को वितरित किये गये लहसुन एवं प्याजके बीज

अमन लेखनी समाचार

बहराइच।जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि शासन एवं निदेशालय स्तर से इमपैनल्ड कम्पनियों बापना सीड्स कम्पनी, ट्रोपिका सीड्स कम्पनी एवं इनवेस्टिव सीड्स प्रा.लि., बैंगलोर द्वारा जिला उद्यान कार्यालय, बहराइच में शाकभाजी बीज के स्टाल लगाये गये। जिले के शाकभाजी एवं मसाला बीज उत्पादक किसानों द्वारा स्टालों का अवलोकन करते हुए शाकभाजी बीज क्रय करने में अभिरूचि दिखायी गई। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत मंगलवार को सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड द्वारा लहसुन एवं प्याज बीज वितरण



कार्यक्रम के शुभारम्भ के पश्चात जिला उद्यान कार्यालय, बहराइच में कृषकों को बीज का वितरण भी किया गया।

## आचार्य रमेश चन्द्र गर्ल्स इंटर कॉलेज में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी तथा बाल मेले का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। आचार्य रमेश चन्द्र गर्ल्स इंटर कॉलेज, साकेत नगर रुपईडीहा में बुधवार को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी तथा बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। प्रधानाचार्या आशा विष्ट ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियाँ छात्राओं में रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच तथा आत्मविश्वास विकसित करती हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ज्ञान के साथ कला और विज्ञान का समन्वय ही समाज के विकास का आधार है ।प्रदर्शनी में छात्राओं ने विज्ञान के विभिन्न मॉडल जैसे सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, तथा स्वास्थ्य संबंधी नवाचार प्रस्तुत किए। कला प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा बनाए गए आकर्षक चित्र, मिट्टी के मॉडल, हस्तशिल्प और सजावटी वस्तुओं ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। बाल मेले में छात्राओं द्वारा संचालित मनोरंजक स्टॉल, खेल-कूद और स्वादिष्ट व्यंजनों की विविधता ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रबन्धक यशपाल ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम एवम बाल मेले को सफल बनाने में स्कूल की शिक्षिकाओं व प्रशासनिक कर्मियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर छात्र छात्राओं एवम अभिभावक, समाज सेवी, बुद्धिजीवी, पत्रकार गण आदि उपस्थित रहे।

## रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी के द्वारा बॉर्डर पर संयुक्त चेकिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। राजधानी दिल्ली में हुए बम धमाकों के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है तथा सीमा पर पेट्रोलिंग और निरीक्षण तेज कर दिए गए हैं। ह्लपरिस्थिति को देखते हुए सीमा पर हो रहे आवागमन की गहनता से जांच करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बिना पहचान-पत्र के किसी को भी आने-जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी ह्व इसी के साथ सीमा पर तैनात एसएसबी की 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने भी जवानों को निर्देशित करते हुए कहा कि डॉग स्क्वॉड और अन्य जाँच दलों की मदद से प्रत्येक व्यक्ति और वाहन की सख्ती से तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि सीमा पर तैनात जवानों को विशेष सतर्कता और कड़ा अनुपालन रखने के लिए कहा गया है। निरीक्षण टीम ने सीमा पर सुरक्षा चौकियों व पेट्रोलिंग रूटों पर अतिरिक्त जवान तैनात कर दिए हैं और सभी प्रवेश-पथों पर निगरानी बढ़ा दी गयी है। अधिकारियों ने कहा कि संभावित अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर सीमा के पार प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि जनता की सुरक्षा प्राथमिकता है, इसलिए यात्रा करने वाले लोगों से सहयोग की अपेक्षा की जाती है। यात्रियों से निवेदन है कि वे अपने पहचान-पत्र साथ रखें और किसी भी संदिग्ध स्थिति की जानकारी तुरंत सीमा सुरक्षा बल या स्थानीय पुलिस को दें। पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम सीमावर्ती इलाकों में गश्त बढ़ाए हुए है और संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी जारी रहेगी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सुरक्षा व्यवस्था और आवागमन नियंत्रण नियमित रूप से समीक्षा के बाद आवश्यकतानुसार और सख्त किए जाएंगे।

## व्यापारियों संघ सीओ कैसरगंज ने की बैठक



**संदिग्ध बैग, लावारिस सामान मिलने पर तत्काल पुलिस को दे सूचनाः रवि खोखर**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज कोतवाली परिसर में बुधवार के दिन पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर ने व्यापारियों संघ मीटिंग की। मीटिंग के दौरान सीओ कैसरगंज ने लोगों से अपील किया कि क्षेत्र में अमन चैन शांति कायम रहे, इसके लिए सभी व्यापारी गढ़ अपने-अपने प्रतिष्ठान एवं घरों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवायें ताकि कोई भी घटना होने पर पुलिस को आसानी के साथ घटना देने वाले व्यक्ति तक पहुंचने में आसानी हो सके।इस दौरान कैसरगंज क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधानों, बीडीसी, संभ्रांत नागरिकों की मौजूदगी में कोतवाली परिसर कैसरगंज में मीटिंग की गई। लोगों को बताया गया कि अभी ठंडक का समय आ रहा है, चोरी होने की संभावनाएं ठंडक में बढ़ जाती हैं जिसके मद्देनजर गांव के लोग सतर्क रहें। अनजान व्यक्ति, संदिग्ध मोटरसाइकिल, फोर व्हीलर व संदिग्ध सामान देखने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें ताकि कोई भी अप्रिय घटना होने से बचा जा सके। इस मौके पर कैसरगंज इलाके के संभ्रांत नागरिक भारी संख्या में कोतवाली परिसर कैसरगंज में मौजूद रहे।

## टैक्सी चालकों से अवैध वसूली जारी

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, टैक्सी चालकों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। ऑल उत्तर प्रदेश ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से इसकी शिकायत की है। एसोसिएशन ने अवैध वसूली पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन का आरोप है कि चालकों से प्रतिदिन 50 से 70 रुपये वसूले जा रहे हैं। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा द्वारा जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि सुलतानपुर के पयागीपुर चौराहे पर सुशील सिंह, नन्हें खां और सागर नामक व्यक्ति ऑटो-टेंपो (सीएनजी विक्रम) चालकों से यह वसूली करते हैं। ये चालक पयागीपुर से रामगंज तक अपनी सेवाएं देते हैं। शिकायत के अनुसार, पहले प्रत्येक वाहन से प्रतिदिन 50 रुपये वसूले जाते थे, जो अब बढ़ाकर 70 रुपये प्रतिदिन कर दिए गए हैं।

## मानदेय भुगतान में विलम्ब पर शिक्षामित्रों ने बीएसए कार्यालय के समक्ष दिया धरना

**बीएसए ने शीघ्र निस्तारण का दिया आश्वासन, शिक्षामित्रों ने जताया संतोष**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के बैनर तले हजारों शिक्षामित्रों ने समर कैंप व स्टेशनरी भुगतान तथा प्रतिमाह मानदेय में हो रही विलम्ब को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय प्रवक्ता शिव श्याम मिश्रा ने की। प्रांतीय प्रवक्ता शिव श्याम मिश्रा ने धरने को संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षामित्र प्रतिनिधि मंडल की वार्ता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह से हुई जिसमें श्री सिंह ने सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित पटल को कठोर निर्देश दिए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में मानदेय प्रेषण से संबंधित कोई समस्या नहीं रहेगी। संघ के महामंत्री राहुल पांडे ने कहा कि मानदेय प्रेषण की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिसका स्थायी समाधान आवश्यक है। प्रभारी जिलाध्यक्ष रिजवान अली ने कहा कि इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य मानदेय से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण कराना था। उन्होंने बताया कि कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार समर कैंप का मानदेय 13 नवम्बर 2025 को तथा अक्टूबर माह का बेसिक एवं समग्र शिक्षा अभियान का मानदेय आज शाम तक बैंक को प्रेषित किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष पयागपुर प्रवीण तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ, तो शिक्षामित्र इससे बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे। धरने को जिला महिला प्रभारी तृप्ति सिंह, जिलामंत्री सरफुद्दीन खाँ, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, दिनेश चक्रवर्ती, अवधेश विश्वकर्मा, मुजीब अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष शिवपुर जीत कुमार यादव, हुजूरपुर गिरीश जायसवाल, तजवापुर प्रदीप अवस्थी, मिहीपुरवा रंजन खाँ, रिसिया अमरीक सिंह, चितौरा शेषराज तिवारी, कैसरगंज राम गोविंद यादव, महसी प्रवीण वाजपेयी, नवाबगंज जुगुल किशोर वर्मा तथा विशेषरगंज रमेश कुमार पांडे आदि ने संबोधित किया। धरने में पुष्पा देवी, ममता मिश्रा, किरण वर्मा, अनीता, श्यामू, मोइनुद्दीन, वसीम खाँ, बाल गोविंद, रामगोपाल, आनंद प्रकाश, राधेश्याम, सतीश, विनोद, हितेश, कन्हैयालाल, खेमचंद, ओमप्रकाश, शमीम खाँ, सूर्य प्रताप सिंह, दिलीप, बांकेलाल, शिवकुमार, मीरा देवी सहित सैकड़ों शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## संक्षेप

### नगर निगम ने शास्त्रीनगर में हटाया अतिक्रमण

**सहायक नगर आयुक्त बोले- पहले दिए थे नोटिस, जारी रहेगा अभियान**

मेरठ, नगर निगम की टीम ने सोमवार को अतिक्रमण हटाने का अभियान शास्त्रीनगर क्षेत्र में शुरू किया। इस दौरान कुछ लोगों ने टीम का विरोध भी लेकिन बाद में वहां मौजूद निगम के अधिकारी औश्र पुलिस बल के समझाने से लोग मान गए और अतिक्रमण हटाने का काम टीम द्वारा शुरू किया गया। नगर निगम के सहायक अपर नगर आयुक्त शरदपाल से बताया कि एल ब्लॉक की जिस सड़क से अतिक्रमण हटाया गया है वह सीएम ग्रिड योजना के तहत विकसित की जानी है। उस समय कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए इसलिए टीम के द्वारा यह अतिक्रमण हटाया गया है । विरोध या किसी अन्य कारण से कोई रूकावट न आए इसलिए निगम द्वारा गई टीम के साथ पुलिस भी सहयोग करती है। निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने से पहले सभी लोगों को नोटिस भेज कर अवगम करा दिया गया था। इसके बाद भी जिसने स्वंय से अतिक्रमण नहीं हटाया उसके खिलाफ टीम ने कार्रवाई कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाने का काम किया है। शरदपाल ने बताया कि निगम का अतिक्रमण हटाओं अभियान लगातार जारी रहेगा। जाम और सफाई जैसे कारणों को खत्म करने के लिए ही यह अभियान चलाया जा रहा है टीम द्वारा कल काशी में भी पैमाइश कर अतिक्रमण के नोटिस दिए जाएंगे।

### टायरों के गोदाम में भीषण आग

**लपटें आसमान तक, कर्मचारियों ने भागकर बचाई जान**

मेरठ, लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित न्यू मदीना कॉलोनी में सोमवार दोपहर पुराने टायरों के एक गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि लपटें आसमान तक उठने लगीं और धुएं का घना गुबार दूर-दूर तक फैल गया। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। न्यू मदीना कॉलोनी के 40 फुटा रोड पर हाजी फारूक मलियाना वाले के पुराने टायरों के गोदाम में दोपहर करीब 3 बजे आग लगी। गोदाम में भारी संख्या में पुराने टायर रखे हुए थे। घटना के समय लगभग आधा दर्जन कर्मचारी काम कर रहे थे, जिन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और पास के मकानों तक फैलने लगी। आग लगने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में भगदड़ मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर विभाग को सूचित किया। मौके पर दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। धुएं के कारण इलाके में दृश्यता बेहद कम हो गई, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस ने गोदाम मालिक की पहचान हाजी फारूक के रूप में की है। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि गोदाम में रखे करीब 15 से 20 लाख रुपए के टायरों के जलने का अनुमान है। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आग बुझाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# भगवत कृपा हेतु ईश्वर का चिंतन आवश्यक -आचार्य राघव जी महाराज

## गोकर्ण उपाख्यान की कथा सुन भक्तगण हुए भाव विभोर

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद क्षेत्र अंतर्गत गांव बम्थरा में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ गया महोत्सव के शुभारंभ में प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई वही कल द्वितीय दिवस मंच पर विराजमान तीर्थराज प्रयाग नगरी के सुविख्यात संत श्री सच्चा बाबा के कृपा पात्र भागवत आचार्य पंडित राघव जी महाराज ने प्रांगण अंतर्गत उपस्थित मुख्य परीक्षित पुष्पा मिश्रा एवं पूर्व शिक्षक विधायक लवकुश कुमार मिश्र समेत भारी संख्या में मौजूदा दर्शकों को उपदेश देते हुए बताया कि हमें ईश्वर की प्राप्ति के लिए भगवत चिंतन करना अति आवश्यक है श्रीमद् भागवत कथा अंतर्गत गोकर्ण तथा धुंधकारी की कथा को लेकर गोकर्ण उपाख्यान का विस्तृत वर्णन कथा व्यास राघव जी महाराज ने किया जहां उन्होंने बताया कि हमें ईश्वर से सांसारिक वस्तुओं की याचना ना करके केवल भगवत कृपा मांगनी चाहिए संसार के सभी सुख अपने आप प्राप्त हो जाएंगे मंगलाचरण की पश्चात कथा व्यास ने ऋषियों द्वारा पूछे गए 6 प्रश्नों के विस्तृत रूप से उत्तर दिए जहां कथा व्यास ने बताया कि ऋषियों नेक्रमशः जीवो का एकांतिक कल्याण समस्त शास्त्रों का सार भगवान का अवतार तथा सभी अवतारों का वर्णन आदि प्रश्न किए



जिनका कथा व्यास ने मंच के माध्यम से विस्तृत रूप से बखान किया वही समय-समय पर गीत संगीत से ओत-प्रोत सुंदर-सुंदर भजन सुनकर भक्तगण भाव विभोर होते रहे शाम समय कथा विराम होने पर मंच पर विराजमान वैदिक आचार्य पंडित आकाश एवं रोहित की टोली ने वेद मंत्रों के साथ महा आरती संपन्न कराई जहां मुख्य परीक्षित समेत भारी संख्या में मौजूद भक्तगणों ने महा आरती करते हुए भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया इस मौके पर अशोक विनोद सतीश प्रमोद प्रेम पीयूष शरद पीयूष कृष्ण कुमार गोपीनाथ मिश्रा समेत भारी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी भक्तगण मौजूद रहे

# सराहनीयः सकुशल बरामद हुआ महिला यात्री का बैग

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। छत्तीसगढ़ निवासी महिला यात्री रेखा तिवारी पुत्री स्व सोमनाथ तिवारी निवासी पुरानी वस्ती रानी पारा जिला जंजगीर छत्तीसगढ की रहने वाली है उन्होंने थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन पर पहुंचकर ट्रेन नं-18237 छत्तीसगढ एक्सप्रेस के कोच बी-1 सीट 1-10 पर 70 से 80 लोग छत्तीसगढ से मथुरा की यात्रा कर रहे थे ट्रेन से उतरते समय एक बैग ब्लू कलर का जिसमें मेरे एक लाख दस हजार रुपये व एक चांदी की पायल व कुछ कपड़े है ट्रेन में छूट गये है । इस सूचना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक को अवगत कराया गया। प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला यात्री का बैग ट्रेन मे स्कोर्ट ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल कपिल कुमार व कांस्टेबल ललित कुमार को ने उक्त कर्मचारीयो के द्वारा



तत्काल कार्यवाही को करते हुए बताये गये बोगी में उक्त सीट नम्बर पर पहुंचे तो महिला यात्री का बैग सीट पर पड़ा मिला जिसे थाना लाकर थाना प्रभारी निरीक्षक यादव सिंह के द्वारा थाने पर मौजूद शिकायतकर्ता रेखा तिवारी को बाग सौंप दिया गया महिला यात्री सारा सामान पाकर काफी खुश हुई मथुरा जीआरपी पुलिस की पूरे परिवार ने भूरि भूरि प्रशंसा की गई लिखित कार्रवाई करते हुए महिला यात्री को बैग के साथ सा कुशल अपने गंतव्य पर भेजा गया।

# युवक की हत्या के पीछे कई राज जांच में जुटा प्रशासन

अमन लेखनी समाचार





फतेहपुर। जनपद के थरियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव करनपुर मजरे रामपुर में युवक द्वारा फांसी लगाकर की गई आत्महत्या के पीछे कई मामले खुलकर सामने आ रहे हैं गुप्त सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार युवक गांव के ही दो लोगों द्वारा शराब ठेका का लाइसेंस दिलाने के लिए 3 लाख रुपए ठगी का शिकार हो गया था मृतक के नजदीकी रिश्तेदार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी रामबाबू पुत्र राम सुमेर लोधी ने थरियांव थाना पहुंच कर लिखित तहरीर देते हुए बताया कि इस मामले में करनपुर गांव निवासी दिनेश लोधी तथा उसके मामा सनी लोधी पुत्र जगदीश निवासी जगेसर पुरवा कोतवाली फतेहपुर का पूर्ण रूप से हाथ है जहां मृतक से शराब ठेका दिलाने का जाल बुनकर 300000 रुपए उक्त व्यक्तियों द्वारा ले लिए गए समय बीतने पर पैसे की मांग करने पर लाठी डंडों से पिटाई की गई जिससे क्षुब्ध होकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति ने बताया वह स्वयं उक्त व्यक्तियों द्वारा पीड़ित है जहां लगभग 800000 रुपए का मामला पीड़ित ने प्रशासन के सामने खोला थाना प्रभारी आलोक पाण्डेय ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच प्रारंभ की तथा बताया कि जांच के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# महिला को 3 घंटे रखा डिजिटल अरेस्ट

**मनी लॉड्रिंग का डर दिखाकर ठगे 24 लाख, वॉट्सऐप पर भेजा गिरफ्तारी वारंट**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, साइबर ठगों ने एक महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 24 लाख रुपए की ठगी कर ली। तीन घंटे तक उसे बातों में उलझाए रखा। कहा कि उसके बैंक खाते में अवैध लेनदेन किया गया है। उसे डराने के लिए वॉट्सऐप पर गिरफ्तारी वारंट भी भेज दिया। उससे रुपए ट्रांसफर करा लिए। जांच के बाद सारी रकम वापस उसके खातों में भेजने का भरोसा दिया। महिला ने रुपए भेजने के बाद जब दोबारा से उस नंबर पर कॉल किया तो फोन बंद मिला। उसके बाद उसे ठगी का एहसास हुआ। उसने साइबर क्राइम थाने में जाकर केस दर्ज कराया। पुलिस को दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी अनीता श्रीवास्तव ने बताया कि वह हाउस वाइफ हैं। सात नवंबर को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को ट्राई का कर्मचारी बताते हुए दो घंटे के



अंदर उसका मोबाइल का सिम बंद होने की चेतावनी दी। उसने जब सिम बंद करने का कारण पूछा तो बताया गया कि जिस आधार कार्ड को माध्यम बनाकर उसका बैंक खाता खोला गया है, उसमें अवैध तरीके से करोड़ों रुपए का लेनदेन हुआ है। फोन करने वाले ने कहा- मामला सीबीआई तक पहुंच गया है। इतना सुनते ही वह डर गई। उसने ट्राई कर्मचारी से मदद के लिए गुहार लगाई। ट्राई कर्मचारी ने कहा- वह बुजुर्ग है, ऐसे में वह उसकी मदद के लिए तैयार है।

लेकिन इसके लिए गोपनीयता बरतनी होगी। अगर इस मामले की जानकारी परिवार के किसी अन्य सदस्य को दी तो उसे भी आरोपी माना जाएगा। सभी को जेल में डाल दिया जाएगा। कई एजेंसी की मामले पर नजर है। मामला न्यायालय के अधीन होने का हवाला देते हुए महिला को सुनवाई के लिए मुंबई बुलाया।

# यात्रियों को शराब बेचने वाला युवक गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

मथुरा। प्रभारी थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन पुलिस टीम तथा आर०पी०एफ० टीम द्वारा अभियुक्त सूरज कुमार यादव पुत्र पिन्टू कुमार निवासी बुद्धदेव चक थाना फतूहा जिला पटना बिहार को अवैध रूप से 02 अदद बोतल रॉयल स्टेग राजस्थान बिक्री हेतु अंग्रेजी शराब व 19 पव्वे आरएमएल राजस्थान देशी शराब के साथ निमार्णाधीन प्लेटफार्म पर कच्चे रास्ते से मालगाड़ी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# 38 मुकदमों में फरार दो स्नेचर गिरफ्तार

- नोएडा की पॉश सोसाइटी के बाहर महिलाओं को करते टारगेट, टूटी चेन और कैश बरामद

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, नोएडा में चेन स्नेचिंग करने वाले दो बदमाशों को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके नाम सौरभ यादव कानपुर निवासी और रौनी उर्फ श्रेयस शुक्ला निवासी आजगढ़ को अंतरिक्ष फारेस्ट कट सेक्टर-77 के पास गिरफ्तार किया। सौरभ यादव पर 38 मुकदमा और रौनी पर 6 मुकदमे दर्ज हैं। सौरभ पर पहले दो बार गैंगस्टर एक्ट में एक्शन लिया जा चुका है। ये दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद में महिलाओं को टारगेट करते थे। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि नोएडा की पॉश सोसाइटी और चौड़ी सड़कों पर सोसाइटी से बाहर आने



वाली महिलाओं और पुरुषों को दोनों को टारगेट करते थे। पीछे से तेजी से आकर चेन लूटते और फरार हो जाते थे। थाना सेक्टर-113 में तीन वारदात को अंजाम दे चुके थे। सीसीटीवी फुटेज से जानकारी मिली। पहचान की गई इसके बाद मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया गया। इसके बाद दोनों की गिरफ्तारी की गई। इनके पास से बिना नंबर प्लेट की अपाचे बाइक, दो छीनी हुई टूटी चेन के चार टुकड़े , पीली धातु का सिक्का और 5000 रुपए नगर बरामद किया गया। लोगों को डराने के लिए एक तमंचा और चाकू बरामद किया गया। एडीसीपी ने बताया कि यह लोग स्नैच की गई चैन को राह चलते व्यक्तियों को औने-पौने दामों में बेच देते थे तथा पैसों को आपस में बांट लेते है। उस पैसों से अपने खिलाफ पूर्व में पंजीकृत मुकदमों में भी खर्च करते थे। घटना के दौरान यह मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करते थे, जिससे ये लोग पकडे. ना जा सकें।

# जीएसटी रिफंड घोटाला उजागर, दो आरोपी गिरफ्तार

## 85 फर्जी फर्मों से सरकार को 51 करोड़ रुपये का नुकसान

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, सेंट्रल नोएडा की बिसरख पुलिस ने जीएसटी रिफंड प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर कर चोरी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को पतवाड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इन पर 85 फर्जी फर्मों के माध्यम से सरकार को 51 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान पहुंचाने का आरोप है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे मिलकर फर्जी केवाईसी दस्तावेज तैयार करते थे। इसके बाद वे फर्जी फर्मों का पंजीकरण कराते थे और उन्हीं फर्मों के नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे। इन खातों का उपयोग इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) रिफंड के जरिए अवैध धन अर्जित करने के लिए किया जाता था। गिरोह पिछले पांच वर्षों से जाली



दस्तावेजों के आधार पर अनेक फर्जी फर्मों का संचालन कर रहा था। इस अवधि में उन्होंने करोड़ों रुपये का आईटीसी रिफंड प्राप्त कर सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 फर्जी सील-मोहरें, आधार कार्ड, चेक बुक, अकाउंट ओपनिंग फॉर्म और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रवीण कुमार (निवासी गांव सलोनी, थाना बहादुरगढ़, हापुड़) और सत्येंद्र सिंह (निवासी गांव बिघराऊ, थाना स्याना, बुलंदशहर) के रूप में हुई है। इन दोनों ने अपनी तस्वीरों का उपयोग कर फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड और रेंट एग्रीमेंट तैयार किए। इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उन्होंने विभिन्न नामों से उद्यम पंजीकरण, जीएसटी पंजीकरण और कई फर्जी फर्मों के नाम पर बैंक खाते सक्रिय कराए।

इन सक्रिय खातों का उपयोग अवैध रूप से जीएसटी रिफंड की राशि मंगवाने और उसे तुरंत दूसरे खातों में स्थानांतरित करने के लिए किया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह ने बैंक ऑफ इंडिया की गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर की कई शाखाओं में कुल छह प्रमुख फर्मों के नाम पर खाते खुलवाए थे। इनमें मेसर्स रिद्धि सिद्धि एंटरप्राइजेज, मेसर्स भवानी इम्पेक्स, मेसर्स झलक एंटरप्राइजेज, मेसर्स गौरव एंटरप्राइजेज, मेसर्स दामिनी इंडिया इंटरनेशनल और मेसर्स राधिका एंटरप्राइजेज शामिल हैं। इन फर्मों के लिए भी फर्जी केवाईसी दस्तावेजो का ही उपयोग किया गया।

रजिस्ट्रेशन में जिन व्यक्तियों के नाम दर्शाए गए थे। उनसे आरोपियों का कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था। सभी फर्मों के पंजीकृत पते की पुलिस द्वारा की गई जांच में पुष्टि हुई कि ये पते भी गैर-मौजूद या फर्जी पाए गए।

# हत्या के प्रयास में फरार आरोपी गिरफ्तार

**भैंसों के व्यापार में हुई थी हिंसक झड़प, 9 आरोपी पहले ही जा चुके हैं जेल**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास और मारपीट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी आदिल उर्फ भूरे (27) को गिरफ्तार किया है। यह वही मामला है, जिसमें लक्ष्मी गार्डन, इन्द्रापुरी इलाके में भैंसों के व्यापार को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद हिंसक झड़प हुई थी। पुलिस के अनुसार, उस दिन दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया था, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में पहले ही दोनों पक्षों के 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि आदिल उर्फ भूरे घटना के बाद से फरार था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घटना से तीन दिन पहले ही भैंसों के सौदे को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद नमाज के बाद दोनों गुट आमने-सामने आ गए और झगड़ा हिंसक रूप ले लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज है और उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 30 हजार लोगों को मिला गंगाजल

**रोजाना होगी 40 एमएलडी की सप्लाई, 2.47 करोड़ किए गए खर्च**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, सेवन एक्स सेक्टर-74, 75, 76, 77, 78, 79 के अलावा 116 व 117 में अब बेहतर पानी की सप्लाई होगी। इन सेक्टरों में 40 मिलियन लीटर प्रति दिन-एमएलडी-गंगाजल सप्लाई करने की परियोजना की शुरूआत की गई। इसका शुभारंभ विधायक पंकज सिंह ने किया। सेवन एक्स सेक्टरों के लिए सेक्टर-116 स्थित जलाशय परिसर से गंगाजल आपूर्ति की शुरूआत की गई। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि गंगाजल की नई लाइन गाजियाबाद से नोएडा के लिए बनकर तैयार हो गई है। इस लाइन के जरिए 36. 5 क्यूसेक गंगाजल नोएडा को मिलेगा। यह लाइन सीधे गाजियाबाद से सेक्टर-116 जलाशय परिसर से जोड़ी गई है। इसी में से 40 एमएलडी गंगाजल सेवन एक्स सेक्टरों को दिया



जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक आरपी सिंह ने बताया कि सेवन एक्स सेक्टरों से गंगाजल की लाइन जोड़ने पर नोएडा प्राधिकरण ने 2 करोड़ 47 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित सेक्टरों में पर्याप्त मात्रा में मिश्रित गंगाजल की आपूर्ति होगी। इससे संबंधित सेक्टरों में अधिक टीडीएस होने की समस्या से भी लोगों का छुटकारा मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-116 स्थित जलाशय में टैंक की क्षमता 5 एमएलडी है। ऐसे में यहां पर दिन में करीब आठ बार गंगाजल को स्टोर किया जाएगा। अभी तक सेवन एक्स सेक्टरों में सेक्टर-50 के जलाशय से गंगाजल की सप्लाई की जा रही थी। अभी सेवन एक्स सेक्टर-76 और 77 के कुछ हिस्से में ही सेक्टर-50 से गंगाजल की आपूर्ति होगी।

# चार माह से मानदेय न मिलने पर भड़कीं आशा कार्यकर्ता

- बागपत में डीएम को सौंपा ज्ञापन, बोलीं- कैसे चलाएं घर?

अमन लेखनी समाचार

बागपत, जनपद की आशा कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें पिछले चार महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कार्यकताओं ने बताया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच और जनजागरूकता अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हालांकि, समय पर मानदेय न मिलने से उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति दयनीय होती जा रही है। उन्होंने कहा कि मानदेय ही उनके परिवार की आय का एकमात्र साधन है, और इसके अभाव में बच्चों की शिक्षा तथा घरेलू खर्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। आशा पुणे सहित अन्य कार्यकताओं ने जानकारी दी कि वे इस संबंध में कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर चुकी हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि उनके लंबित मानदेय



का भुगतान शीघ्र कराया जाए। साथ ही, भविष्य में नियमित भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें बार-बार शिकायत या विरोध प्रदर्शन का सहारा न लेना पड़े। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने आशा कार्यकताओं की समस्या को गंभीरता से लिया। उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य विभाग को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कार्यकताओं को जल्द ही मानदेय भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया।

## संक्षेप

### चोरी का पुलिस ने किया खुलासा एक चोर को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। गेट फांदकर घर मे घुसे चोरी का पुलिस ने खुलासा किया। एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी हुई सफेद धातु की पायजेब व 48 हजार रुपए बरामद किए। थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रा लखनपुर निवासी लालता प्रसाद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 22 अगस्त की रात अज्ञात चोर गेट के रास्ते घुसकर बक्से से मां के 50 हजार रुपए एक जोड़ी चांदी की पायल व कागजात चोरी हो गए थे। थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि बुधवार को जांच में सुशील पुत्र रँगी निवासी ओमपुरी कोतवाली देहात हरदोई को पकड़ा। उसके कब्जे से 48 हजार रुपए व एक सफेद धातु की पायजेब मिला। पकड़े गए आरोपी पर हरदोई के विभिन्न थानों व बाराबंकी में 16 मुकदमे दर्ज है।

### निःशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

माधौगंज, हरदोई। सावन कृपाल रूहानी मिशन के तत्वाधान में शंकरा हॉस्पिटल कानपुर द्वारा 62वां निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। कस्बे से रोमगढ़ जाने वाले मार्ग पर स्थित दर्शन आश्रम में बुधवार को शंकरा हॉस्पिटल के सहयोग से निशुल्क नेत्र शिविर कैम्प का आयोजन किया गया। निशुल्क नेत्र शिविर में आए लोगो की आँखों की जांच कर मोतियाबिंद के मरीजो को बस द्वारा चौबेपुर में बने शंकरा हॉस्पिटल ले लगाकर कुशल नेत्र चिकित्सको द्वारा ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर में 175 मरीजो का परीक्षण कर 83 मरीजो के मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर बस द्वारा कानपुर शंकरा हॉस्पिटल ले जाया गया। संस्थान द्वारा मरीजो के आने जाने की वयवस्था निशुल्क है भोजन दवा लेंश चश्मे आदि फ्री दिए जाएंगे।

### पुलिस लाइन में बड़ी चोरी: थानाध्यक्ष के घर से 35 लाख की ज्वेलरी गायब

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। पुलिस लाइन में सवायजपुर थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार के सरकारी आवास से करीब 35 लाख की ज्वेलरी चोरी हो जाने से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।यह घटना 9 नवंबर को हुई, जिसकी रिपोर्ट मंगलवार को शहर कोतवाली में दर्ज की गई। थानाध्यक्ष जब सर्दी की वर्दी लेने आवास पर पहुँचे, तो कमरों के ताले टूटे मिले। चोरों ने पीछे की दीवार फांदकर वारदात को अंजाम दिया, जिसमें लगभग ?20 लाख के निजी जेवर और 15 लाख के उपहार जेवर गायब हो गए। पुलिस लाइन जैसे अति सुरक्षित क्षेत्र में हुई इस चोरी से पुलिस की चौकसी पर सवाल उठे हैं। इस लापरवाही के लिए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गेट नंबर दो पर तैनात दीवान श्रवण कुमार पांडेय, और सिपाहियों स्वर्णलेश, सतेंद्र कुमार, व आजाद को निलंबित कर दिया।शहर कोतवाल संजय त्यागी ने दावा किया है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। हालांकि, पुलिस लाइन में गार्ड और कैमरे होने के बावजूद हुई इस चोरी को पुलिस की विश्वसनीयता पर एक बड़ी चोट माना जा रहा है।

# प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं, उन्हें मंच प्रदान करने की जरूरत-जवाहरलाल राजपूत

**प्रतिभाओं को उभारने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही सरकार-प्रदीप पटेल**

अमन लेखनी समाचार



गुरसरांय, झांसी। नगर के खेर इंटर कॉलेज के क्रीड़ा स्थल पर युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग झांसी के तत्वाधान में विधायक खेल स्पर्धा का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत ने फीता काटकर किया। इस दौरान क्षेत्र से एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें जूनियर बालक बालीवाल मे विजेता शमशेरपुरा तो उपविजेता एरच की टीम रही वही सब जू?नियर बालिका बालीवाल मे विजेता और उपविजेता कस्तूरबा विधालय गुरसरांय रही वही 100 मीटर जूनियर बालिका दौड़ मे प्रथम प्रतीक्षापाल, द्वितीय कशिश, तृतीय शिरोमणि वही 100 मी० जूनियर बालक वर्ग में प्रथम अनुज तिवारी, द्वितीय आकाश राजपूत तृतीय शिवम वही सीनियर बालक कबड्डी विजेता गरौठा वही सीनियर बालिका मे विजेता मोतीबाई विद्यालय गरौठा, जूनियर बालिका कबड्डी मे विजेता खेर इंटर कालेज गुरसरांय, उपविजेता राजकीय बालिका गुरसरांय वही सब जूनियर बालिका कबड्डी मे विजेता एरच, उपविजेता कस्तूरबा विद्यालय गुरसरांय रही। खेल उद्घाटन के बाद बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत ने कहा कि प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है उन्हें मंच प्रदान करने की जरूरत है। सरकार आज प्रतिभाओं को उभारने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। इसी के तहत यह विशाल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिससे कोई प्रतिभा किसी भी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने से वंचित न रह जाए। इसी के साथ उन्होंने कहा कि खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतिभाओं को भी एक विशाल मंच देंगे। जिससे हमारे बुंदेलखंड की प्रतिभाएं निकल कर पूरे विश्व में देश का नाम रोशन करें। भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रशांत सिंह जादौन एवं सुरेश कुमार पटेल ने खेलों के विषय मे जानकारी दी। इसके अलावा कार्यक्रम को खेर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष देवेश पालीवाल, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नेहिल सिंघई, श्री राम सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश चौरसिया, प्रसिद्ध नारायण यादव, रामनारायण पस्तोर आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान युवा कल्याण विभाग के खेल अधिकारी एवं क्षेत्र के खेल अध्यापक विनोद कुमार, सुधीर कुमार पाठक, महेश चौरसिया उपस्थित रहे। लेखा विभाग में इंद्रभूषण द्विवेदी, दुर्गा प्रसाद, हरिशचन्द्र नायक, जितेंद्र मिश्रा रहे। संचालन आदर्श द्विवेदी चंदन ने किया। इस दौरान रामकुमार सिंह परिहार, पूर्व अध्यापक शिवनारायण शर्मा, पूर्व प्रधान अनिल तिवारी, जितेंद्र कुशवाहा, अबधेश सिंह फौजी, आत्माराम फौजी, कमलेश द्विवेदी, गोविंद प्रताप सिंह, विजय सिंह अस्ता, मुन्नी दाऊ सहित नगर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, विद्यालय प्रबंधक, शिक्षकगण एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे। अंत में आयोजन समिति ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## बिलग्राम में ठग सतीश कुमार ने दो परिवारों से लाखों हड़पे

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जिले के बिलग्राम थाने में दो अलग-अलग पीड़ितों ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी सतीश कुमार ने खुद को आयकर विभाग का एमडी बताकर विरादरी और सरकारी नौकरी का प्रलोभन देकर करीब 1.10 लाख रुपये ठग लिए। दोनों मामलों में ठग ने पहले किराए का मकान लेकर विश्वास जीता और 11 नवंबर को सामान समेत फरार हो गया।पहली शिकायत राम चंद्र वर्मा (मोहल्ला कासूपेट) ने की। उनके मेडिकल स्टोर पर 4 नवंबर को सतीश आया और दवा ली। अगले दिन खुद को काछी विरादरी का बताकर संबंध बनाए। बेरोजगार पुत्रों अभिनव वर्मा व बादल वर्मा की नौकरी लगवाने के नाम पर दस्तावेज लिए। एसबीआई बैंक में नौकरी के लिए 38,860 रुपये नकद और रोडवेज में नौकरी के लिए 2,530 रुपये लिए, साथ ही 40,000 रुपये खुद जमा करने को कह कर 50 रुपये का स्टांप अनुबंध बनवाया। कुल 41,390 रुपये ठगे।दूसरी शिकायत रिसालत हुसैन (मोहल्ला मैदानपुरा) ने दर्ज कराई। 3 नवंबर को फारुख आढ़ती के यहां सतीश से परिचय हुआ। खुद को हिंदू-मुस्लिम दंपती बताकर मकान, गाड़ी व नौकरानी की व्यवस्था कराई। बहन खालिदा बेगम की नौकरी के लिए दस्तावेज लिए और तीन माह की सिक्योरिटी के नाम पर 68,560 रुपये नकद लिए, 50 रुपये का स्टांप बनवाया।11 नवंबर को दोनों पीड़ित सतीश के किराए के मकान पर पहुंचे तो ताला लगा मिला। अंदर कोई नहीं था। मोबाइल नंबर 9457827603 व 9717567750 बंद। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू की। ठग की तलाश जारी।

## सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज मे आरम्भ हुआ तीन दिवसीय वार्षिक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में विद्या भारती के योजनानुसार विद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक निरीक्षण अत्यन्त गरिमामय वातावरण मे सम्पन्न हुआ। निरीक्षण का शुभारम्भ मॉ सरस्वती की वन्दना से हुआ। जिसके पश्चात मुख्य निरीक्षणकर्ता ज्ञानेन्द्र कुमार गुप्ता (प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज महरौनी ललितपुर) तथा सहायक निरीक्षणकर्ता शिवराम सिंह (प्रवक्ता अंग्रेजी) एवं करुणाशंकर पटेल (प्रवक्ता गणित एवं अंग्रेजी माध्यम के प्रभारी) एवं रामसेवक चैबे (कार्यालय प्रमुख) का स्वागत विद्यालय के सह व्यवस्था प्रमुख घनश्यामदास राठौर ने अंगवस्त्र देकर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने वन्दना सत्र मे सभी आगन्तुक निरीक्षणकर्ता बन्धुओ का परिचय कराया। वन्दना सत्र मे भैया बहिनो को आगन्तुक प्रधानाचार्य ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भविष्य मे आप कुछ न कुछ लक्ष्य तय करे साथ ही साथ उन्होने कहा कि सभी छात्रो को एक लक्ष्य बनाकर अपने जीवन को आगे बढ़ाना चाहिये एवं अनुशासन का अनुसरण करके अपने जीवन मे कठिन परिश्रम करते हुए उस लक्ष्य को अनिवार्य रुप से हासिल करना चाहिये। इसके उपरान्त निरीक्षणकर्ताओ द्वारा विद्यालय के भौतिक संसाधन, शिक्षण कार्य, कार्यालयीय व्यवस्था, वित्तीय अभिलेख, शारीरिक एवं शैक्षिक गतिविधियो का सघन निरीक्षण किया गया। साथ ही पूर्व छात्र परिषद, प्रबन्ध समिति, छात्र संसद एवं कन्या भारती एवं अभिभावको के साथ बैठक व आचार्य परिषद की बैठको मे सहभागिता कर विद्यालय की प्रगति एवं उपलब्धियो की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। निरीक्षण दल ने विद्यालय मे विद्यमान अनुशासन, शिक्षण गुणवत्ता और सांस्कृतिक वातावरण की सराहना की। तथा भावी प्रगति हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

## पांच दिवसीय श्री हनुमत कथा का हुआ समापन

**हनुमान जी कलयुग के जीवंत देवता, धर्म और संस्कृति की रक्षा हमारा संकल्प – डॉ.संदीप**

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। महानगर के अंतर्गत शहर क्षेत्र पठोरिया स्थित सत्यनारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय श्री हनुमत कथा का भव्य समापन हुआ। व्यास पीठ से पंडित ऋतिक महाराज जी ने श्री श्री 108 शक्ल द्वारी बालाजी एवं ओरछा धाम के तत्वावधान में भक्तिमय कथा का वाचन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी तथा उत्तर प्रदेश राज्य गौ सेवा आयोग में मंत्री दर्जा प्राप्त श्याम बिहारी गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थित रहे। कथा के आयोजक पंडित प्रवीण दुबे तथा यजमान मिश्रा परिवार रहे। समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी ने कथा श्रवण के दौरान भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म हमारी संस्कृति की आत्मा है, और कलियुग में हनुमान जी ही एकमात्र ऐसे देव हैं जो शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों की रक्षा करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वे हर बहन-बेटी के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। यदि किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या होती है तो वह बेझिझक संघर्ष सेवा समिति कार्यालय आ सकता है हम निश्चित रूप से अपनी क्षमतानुसार समस्या का निवारण करने का प्रयास करेंगे। अब तक हम सैकड़ों कन्याओं के विवाह में सहयोग कर चुके हैं कई बेटियों को हमने अपने कार्यालय से पैर पखारकर विदा किया है। आगे भी हम यह प्रक्रिया जारी रखेंगे। कार्यक्रम स्थल पर समाजसेवी प्रतिमा ओझा, दीपा तिवारी, अंजू शर्मा, सूर्य निषाद, प्रभाव नामदेव, अंजना गुप्ता, अंजू साहू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में पंडित प्रथम दुबे, उदय राज, सुमित कुशवाहा, संजीव कुशवाहा, आकाश, अवधेश चंद्र, प्रकाश सेन आदि का विशेष योगदान रहा। समापन दिवस पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया और सनातन धर्म की महिमा को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। मंदिर परिसर ह्लजय श्री रामह्व और ह्लबजरंग बली की जयह्व के जयघोषों से गूंज उठा।

## नाला के रपटे में पैर फिसलने से नौनिहाल डूबा, मौत



**घर से आंगनबाड़ी जा रहा था पढ़ने परिजनों का रो रो कर बुरा हाल**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थानाक्षेत्र के चंदौली डेरा में घर से आंगनबाड़ी पढ़ने जा रहा नौनिहाल का नाले के रपटे में पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चला गया। इसकी डूब जाने से मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।चंदौली डेरा निवासी महेश कुटार ने बताया कि उसका पुत्र देवी प्रसाद उर्फ सुमित (6) अपने चाचा के लड़के अंकुल, नकुल के साथ करोड़न नाला के उस पार बनी आंगनवाड़ी केंद्र में सुबह करीब साढ़े नौ बजे पढ़ने के लिए जा रहा था। तभी उसका रपटा पार करते समय उसमें लगी काई में पैर फिसल जाने ने गहरे पानी में चला गया। साथ जा रहे बच्चे दौड़ कर घर आकर उसके डूबने की घटना बताई। परिजन तत्काल नाले में पहुंच कर उसको खोजना शुरू किया।थोड़ी देर बाद वह मिल गया, लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी।अचानक हुई घटना ने पिता महेश कुमार, मां शिवकांती सहित भाई बहनों में कोहराम मच गया।मृतक छह भाई बहनों में पांचवे नंबर का था। ग्राम प्रधान कामता प्रसाद वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने पत्रकारों की समस्याओं को लेकर झांसी मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



झांसी। बुधवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन झांसी के मंडल अध्यक्ष एस.के. भदौरिया के नेतृत्व में पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में पत्रकारों की कार्य परिस्थितियों में सुधार एवं सुविधाओं के विस्तार से संबंधित कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं।

एसोसिएशन ने मांग की कि तहसील और ब्लॉक स्तर पर कार्य कर रहे पत्रकारों को शासन स्तर से मान्यता प्रदान की जाए, ताकि उन्हें भी सरकारी योजनाओं, सूचनाओं और कार्यक्रमों में आमंत्रण व सहयोग प्राप्त हो सके। इसके साथ ही लखनऊ स्तर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का स्थायी कार्यालय स्थापित किए जाने की मांग की गई, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से हो सके। इसके अलावा पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा, परिवहन सुविधा, और आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड उपलब्ध कराए जाने की भी प्रमुख मांग रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकार सीमित संसाधनों के बावजूद समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज को शासन तक पहुँचाने का कार्य करते हैं, ऐसे में उन्हें आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश सचिव डॉ. बी.बी. गौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद दुबे मौठ, ललितपुर जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह, झांसी जिलाध्यक्ष मुकेश राजपूत सहित गुर्जर महेंद्र नागर, कुंवर रामकुमार सिंह, विजय सेंगर मड़ावरा, जितेंद्र गौर, धर्मेंद्र परिहार, कुलदीप यादव, कौशल किशोर, शौकीन खान, प्रिंसराज यादव, अनुभव श्रीवास्तव, आरिफ मंसूरी, गिरवर सिंह, पवन कुमार, अमित अहिरवार, पुष्पेंद्र कुमार, स्वस्ति घोष, आनंद मोहन पाठक, राजकुमार मिश्रा, प्रदीप शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, सुमित साहू, कल्लू वर्मा, विपिन कुमार, दिलीप यादव, राजीव परमार, हेमन्त यादव, महेंद्र सिंह सोलंकी, कल्याण सिंह चौहान, रविन्द्र राजावत, धर्मेंद्र सिंह गुरसराय सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने एसोसिएशन की मांगों को गंभीरता से सुना और कहा कि ज्ञापन में उल्लिखित बिंदुओं को शासन स्तर पर विचार हेतु अग्रेषित किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों की सामाजिक भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन और मीडिया के बीच आपसी सहयोग लोकतंत्र को और मजबूत बनाता है।

## कुतुब पुर गांव में अन्ना पशुओं को खिलाई जा रही है पराली

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।विकास खंड क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में अन्ना पशु आश्रय स्थल में सरंक्षित पशुओं को भूसा चारा के स्थान पर धान की पराली खिलाई जा रही है। गौशाला के बाहर पराली एकत्र की जा रही है। क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में अन्ना पशु आश्रय स्थल में संरक्षित पशुओं को चारा भूसा के स्थान पर पशुओं को धान की पराली खिलाई जा रहीं है। गौशाला के बाहर पराली एकत्र की जा रही है। जब कि शासन द्वारा संरक्षित पशुओं को चारा, भूसा , चुनी चोकर के लिए प्रतिमाह धनराशि आवंटित की जाती है तथा भुगतान भी भूसा आदि के नाम पर किया जाता है। क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में सस्ते दर पर उपलब्ध धान की पराली सर्दी के मौसम में खिलाई जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि भूसा कभी नहीं दिया जाता है। पराली खाकर पशु बीमार हो जाते है। सर्दी से अधिक पशुओं की मौत होती है। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से मांग की है कि गौशाला का निरीक्षण कर पशुओं को भूसा उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया जाए। क्षेत्र की गौशालाओं का हाल बेहाल है।

### युवक हुआ गायब ससुराली जनों पर अपहरण का आरोप

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परसेंढा के मजरे मरवाही डेरा निवासी अशोक कुमार पुत्र राम किशोर के अचानक गायब हो जाने पर पिता राम किशोर ने नजदीकी थाना चांदपुर में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए ससुराली जनों पर अपहरण का आरोप लगाया पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि युवक अशोक कुमार का विवाह विगत 2025 के जून माह में नजदीकी जनपद हमीरपुर के ललपुरा थाना क्षेत्र में हुआ था पति-पत्नी का विवाद कुछ दिनों बाद प्रारंभ हो गया जहां ससुराली जन पत्नी को मायके ले गए तथा दहेज प्रथा का मुकदमा करा दिया पीड़ित ने बताया कि बिगत दिवस मंगलवार की शाम अशोक शौच क्रिया के लिए जंगल गया हुआ था और काफी समय होने पर घर वापस नहीं लौटा थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पीड़ित का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुआ है संज्ञान में लेकर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है

## पॉक्सो एक्ट: दोषी छोटे को 20 वर्ष की कठोर कैद

- -20 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।
- -अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।
- -करीब साढ़े 4 वर्ष पूर्व 7 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। करीब साढ़े 4 वर्ष पूर्व पीड़िता के घर के समीप नाले के पास 7 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी छोटे को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता की मां ने दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 21 मई 2021 को सायं 7 बजे छोटे पुत्र जंगाली निवासी दरमा, थाना रामपुर बरकोनिया, जिला सोनभद्र उसकी 6 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ अकेला घर के समीप नाले के पास पाकर जबरन दुष्कर्म कर रहा था। बेटी के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां बेटे के साथ पहुंची तो वह कहीं शिकायत करने पर जान मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने जांच करने की बात कही। एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब कोर्ट में धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत प्रर्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। कोर्ट के 2 जुलाई 2021 के आदेश के अनुपालन में रामपुर बरकोनिया पुलिस ने 7 जुलाई 2021 को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। मेडिकल जांच में पीड़िता की उम्र 7 वर्ष के आसपास बताई गई।पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने छोटे के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 7 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी छोटे (25) वर्ष को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## महामना मदनमोहन मालवीय व आदिवासी सूरमा विरसा मुंडा को नमन कर दी पुष्पांजलि

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि एवं आदिवासी सूरमा विरसा मुंडा की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि इन विभूतियों का अपना अलग अलग महत्व है। मालवीय के परिवारीजन मालवा से आये थे। इस कारण ये मालवीय कहलाये। इनका जन्म 25 दिसंबर 1861 को ब्रजनाथ और मूना देवी के घर प्रयागराज में हुआ था। प्रारम्भ से ही देशसेवी सोच वाले मालवीय ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक किया था। इन्होंने 1916 में काशी विश्वविद्यालय की स्थापना कर शैक्षिक क्षेत्र में मील का पत्थर गाड़ दिया था। गांधी जी ने इन्हें महामना की उपाधि दी थी। ये जीवन भर लोकसेवी रहे। इन्होंने देश की अथक सेवा की। इनको 1914 में भारत रत्न दिया गया। कालांतर में इनका 12 नवंबर 1946 को निधन हो गया। बिरसा मुंडा का 12 नवंबर 1875 को झारखंड में सुगना और कर्मी के घर जन्म हुआ था। ये आदिवासियों के नायक थे, इन्होंने उलगुलान आन्दोलन चलाया था। जो आदिवासियों के लिए था। ये मात्र 25 वर्ष की उम्र में 12 नवंबर 1900 को नहीं रहे। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, दयाराम सोनकर, रिचा, कमलेश सोनकर, पंकज सिंह, विकास, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान उपभोक्ताओं व कर्मियों के बीच हुई हाथापाई

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के चांद थोक में प्राइवेट कर्मियों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान पुरानी केबिल ले जाने से मना करने पर उपभोक्ताओं के साथ अभद्रता करने व जबरन कनेक्शन काट देने की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर हंगामा शांत कराया। उपभोक्ताओं ने कहा कि वह इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करेंगे। विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इनकार किया है।

चांद थोक निवासी कई उपभोक्ताओं ने बताया कि विद्युत कर्मी बनकर कुछ लोग उनके यहां स्मार्ट मीटर लगाने आए थे। स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान उन्होंने उनकी पुरानी केबिल काट कर ले जाने की कोशिश की। जिस पर उनके द्वारा मना करने पर इन कर्मियों ने उनके साथ धक्कामुक्की कर अभद्रता की। उपभोक्ताओं द्वारा आदेश दिखाने की बात सुनते ही उन्होंने कनेक्शन काट दिया। इसी बीच एक उपभोक्ता ने डायल 112 को हंगामा होने की सूचना दी जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।

अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। किसी का कनेक्शन काटने के लिए प्राइवेट कर्मी अधिकृत नहीं है। साथ ही उपभोक्ताओं द्वारा पूर्व में लगाई गई केबिल नहीं ली जा सकती है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



# दो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही जॉली एलएलबी-3

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की सुपरहिट फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों ने खूब पसंद किया। बॉक्स ऑफिस पर भी 'जॉली एलएलबी 3' ने शानदार कमाई की. दुनिया भर में इस फिल्म ने 162.88 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार किया, जबकि भारत में इसका कलेक्शन 115.85 करोड़ रुपए रहा। अब जो लोग थिएटर में फिल्म नहीं देख पाए, उनके लिए खुशखबरी है। 'जॉली एलएलबी 3' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने जा रही है। यह फिल्म एक नहीं, बल्कि दो प्लेटफॉर्म्स नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## लाइफ Style



# अनीत

## एग्जाम के बाद शुरू करेंगी शक्ति शालिनी की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लव-स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, इससे पहले अनीत कॉलेज के फाइनल ईयर की परीक्षाएं देंगी और इसके बाद वो शूटिंग शुरू करेंगी।

वाईआरएफ के बाद अनीत मैडॉक फिल्म्स की अगली फिल्म में अपना जादू चलाने जा रही हैं, जो एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इस साल सिनेमाघरों में धूम मचा चुकी लव-स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुटने जा रही हैं। हालांकि, इस फिल्म की शूटिंग से पहले अनीत पड्डा अपने कॉलेज के फाइनल ईयर के एग्जाम देने जा रही हैं। 'सैयारा' की सक्सेस के बाद से ही फिल्म के लीड एक्टर्स अहान पांडे और अनीत पड्डा ने सफलता की वो बुलंदियां छू ली हैं, जिसे पाने के लिए बड़े-बड़े सितारों को काफी पापड़ बेलने पड़े हैं। अहान अपनी अगली फिल्म में निर्देशक अली अब्बास जफर के साथ काम करने जा रहे हैं जो एक्शन और रोमांस से भरपूर होनेवाली है। वहीं, अनीत पड्डा अब एक हॉरर कॉमिडी फिल्म में कदम रखने जा रही हैं। अनीत जल्द ही एक आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में दिखने जा रही हैं जिसकी कहानी एक रहस्यमय देवी पर बेस्ड है, जो बुरी आत्माओं से लोगों की रक्षा करती है। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल में हैं और यह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। 'भारत की जेन जी स्टार अनीत दिसंबर–जनवरी में अपने फाइनल-ईयर की परीक्षाएं देंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका ने 12 साल बाद गाया गाना

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा ने 12 साल बाद सिंगिंग में कमबैक किया है, लेकिन अफसोस कि इस बार उनकी तारीफ से अधिक आलोचना हो रही है। एक्ट्रेस ने वॉम के क्लासिक 'लास्ट क्रिसमस' गाने का देसी वर्जन गाया है, जिसे सुन लोग इसे 'भयंकर ऑटोट्यून' और 'एकदम अजीब' बता रहे हैं। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा सिर्फ ग्लोबल एक्ट्रेस ही नहीं, सिंगर भी हैं। साल 2012 और 2013 में उन्होंने दो सिंगल सॉन्स रिलीज किए थे। दोनों को फैंस ने खूब पसंद भी किया था।




# माइकल के टीजर ट्रेलर को मिले रेकॉर्ड तोड़ व्यूज

**लॉस एंजिल्स।** 'इनविंसिबल' सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने रेकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। अपने गानों से म्यूजिक की दुनिया और फैंस के दिलों पर राज करने वाले माइकल ने महज 50 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी बायोपिक में भतीजे जाफर जैक्सन ने उनकी भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म के वीडियो को 24 घंटे में ही 116 मिलियन व्यूज के साथ रेकॉर्ड तोड़ दिया है। 'माइकल' बायोपिक में 'किंग ऑफ पॉप' की जिंदगी को करीब से देखने का मौका मिलेगा। इसका निर्देशन एंटोनी फुक्वा ने किया है। ये साल 2026 में रिलीज के लिए तैयार है। 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने म्यूजिकल बायोपिक की शुरुआती फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और पिछले टॉप चार्ट के आधे से भी ज्यादा ट्रैफिक हासिल किए हैं।



# दिखेगी सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा

**मुंबई।** महेश भट्ट की बेटी और निर्माता-निर्देशक पूजा भट्ट फिल्मों में फिर से वापसी कर रही हैं। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की कास्ट का जिक्र किया है। यह फिल्म भारत की पारंपरिक कबूतरबाजी प्रथा पर आधारित होगी। इस फिल्म में उनके साथ 'पंचायत' सीरीज के एक्टर नजर आएंगे। पूजा भट्ट ने इंस्टाग्राम पर जितेंद्र कुमार के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'दो दमदार कलाकार। एक गहरी कहानी। अपनी अगली फिल्म की घोषणा करते हुए बेहद खुश हूं। यह भारत की सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा, कबूतरबाजी की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिल को छू लेने वाली कहानी है।' पूजा भट्ट की इस फिल्म में उनके साथ 'पंचायत' सीरीज के जितेंद्र कुमार नजर आएंगे। इस फिल्म में पूजा भट्ट मां की भूमिका में नजर आएंगी।



# सुनील के लाडले मराठी एक्ट्रेस को रहे डेट

**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी के लाडले अहान शेट्टी ने साल 2021 में फिल्म 'तड़प' से एक्टिंग डेब्यू किया था और वो जल्द ही पिता की फिल्म बॉर्डर के सीक्वल में नजर आने वाले हैं। अहान शेट्टी 'बॉर्डर 2' में अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इन सबके बीच इन दिनों ये स्टारकिड अपनी डेटिंग लाइफ की वजह से सुर्खियों में छाए हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक सुनील शेट्टी के लाडले अहान शेट्टी इन दिनों मराठी एक्ट्रेस जिया शंकर को डेट कर रहे हैं। हालांकि, कपल अभी तक अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं करना चाहता था। वो दोनों अपने रिश्ते के शुरुआती दौर में हैं और अभी चीजों को प्राइवेट रखना चाहते हैं। लेकिन जिया कई मौकों पर इस बात को स्वीकार कर चुकी हैं कि उनका एक बॉयफ्रेंड है। जिया शंकर ने भले ही अभी तक अपने बॉयफ्रेंड के नाम का खुलासा नहीं किया है।

## टीवी मसाला




# अभिषेक के बाहर होते ही शहबाज ने अशनूर पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में हर दिन एक नया ड्रामा और एक नया समीकरण देखने को मिलता है। अभी अभिषेक बजाज और नीलम गिरी बाहर हुए ही थे कि अब घर के अंदर फिर से उन कंटेस्टेंट के बारे में चर्चा शुरू हो गई है, जो इस घर में रहना डिजर्व नहीं करते। यह चर्चा शुरू हुई शहबाज बादेशा और गौरव खन्ना के बीच। शहबाज ने जीके से पूछा, आपको क्या लगता है कौन इस घर में रहना डिजर्व नहीं करता। इस पर गौरव खन्ना कहते हैं, वही जो तुम्हें लगते हैं। फिर शहबाज क्लियर करते हैं तुम्हारा मतलब है मालती? इस पर फिर जीके हां में गर्दन हिलाते हैं। गौरव से यह सहमति मिलने के बाद शहबाज कहते हैं, मुझे लगता है कि अशनूर भी डिजर्विंग नहीं है। इस पर जीके कहते हैं, प्रणीत को लगता है कि अशनूर डिजर्विंगग है। लेकिन, जब शहबाज उनकी राय जानने पर जोर देते हैं तो जीके के दिल की बात सामने आती है और वह कहते हैं, ईमानदारी से बताऊं तो मुझे लगता है कि अशनूर से ज्यादा डिजर्विंग बजाज था। बता दें कि बॉटम-3 में अभिषेक बजाज, अशनूर कौर और नीमल गिरी थे। बिग बॉस ने प्रणीत मोरे को ये पावर दी कि वह किस एक सदस्य को बचाना चाहेंगे। इस पर प्रणीत ने अशनूर का नाम लिया और इस अनाउंसमेंट के बाद अगली अनाउंसमेंट यह थी कि अभिषेक बजाज और नीलम गिरी घर से बाहर हो रहे हैं। अभिषेक के एविक्शन के खबर पर अशनूर बुरी तरह रोती नजर आईं. उनका रोना भी लाजमी था क्योंकि इस पूरे सीजन उन्होंने केवल एक ही कंटेस्टेंट से इतनी गहरी दोस्ती बनाई थी। अब देखना होगा कि अशनूर के गेम में क्या बदलाव देखने को मिलते हैं।

## सुपरहीरो 'शक्तिमान' की हो रही वापसी

**नई दिल्ली।** हमारे बचपन का पसंदीदा सुपरहीरो शो, शक्तिमान, एक बिल्कुल नए अवतार में लौट आया है। पॉकेट एफएम ने मुकेश खन्ना के साथ शक्तिमान रिटर्न्स नाम के एक स्पेशल 40-एपिसोड ऑडियो सीरीज में इस शो को वापस लाया है। शक्तिमान के रिवाइवल के बारे में बात करते हुए, मुकेश खन्ना ने कहा कि यह शो युवाओं में सच्चाई, निस्वार्थता और साहस की प्रेरणा देने के लिए बनाया गया है। मुकेश खन्ना ने कहा, ये मूल्य शाश्वत हैं। जब पॉकेट एफएम ने मुझसे कॉन्टैक्ट किया तो मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड था कि ऑडियो के जरिए ये आदर्श कैसे जीवंत होंगे। लेकिन, जिस तरह से उन्होंने इसे एक नई कहानी के साथ, शक्तिमान की आत्मा को वैसा ही रखते हुए, फिर से क्रिएट किया है उसने मुझे सचमुच इम्प्रेस किया है। मुझे शक है कि कोई दूसरा प्रोडक्शन हाउस इस किरदार के साथ इतना न्याय कर पाता। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हो रही है कि शक्तिमान का सार जिंदा रखा गया है।



# 27 साल साथ निभाने वाले 'दादा' को खोकर भावुक हुए अभिषेक

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन के करीबी का निधन हो गया है। वो खास इंसान जो उनके साथ सालों से थे। अब उनके जाने पर एक्टर ने दुख जताया और पोस्ट भी शेयर किया। दरअसल, अभिषेक बच्चन के मेकअप आर्टिस्ट अशोक सावंत का हाल ही में निधन हो गया। सोमवार को अभिनेता ने दुख व्यक्त करते हुए एक पोस्ट साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अशोक सावंत के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए बताया कि वे और अशोक पिछले 27 वर्षों से अधिक समय से साथ काम कर रहे थे। उन्होंने लिखा, 'अशोक दादा ने मेरी पहली फिल्म से ही मेरा मेकअप किया है और वह सिर्फ मेरी टीम का हिस्सा नहीं थे, बल्कि मेरे परिवार जैसे थे. उनके बड़े भाई दीपक करीब 50 साल से मेरे पापा का मेकअप कर रहे हैं।' अभिनेता ने बताया कि अशोक सावंत पिछले कुछ दिनों से बीमार थे, जिस कारण वे सेट पर नहीं आ रहे थे। उन्होंने लिखा, "बीमार होने की वजह से वे सेट पर नहीं रहते थे, लेकिन जब भी मैं शूटिंग कर रहा होता, वे रोज मेरे हालचाल पूछते थे और ध्यान रखते थे कि उनका असिस्टेंट मेरा मेकअप सही से कर



रहा है या नहीं। वे बहुत दयालु और मिलनसार व्यक्ति थे, जिनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती थी। वे अक्सर अपने बैग में रखी हुई स्वादिष्ट नमकीन निकालकर लोगों को बांटते थे। उन्होंने आगे लिखा, कल रात हमने उन्हें खो दिया. मैं अपनी आने वाली फिल्म का पहला शॉट देने से पहले हमेशा उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेता था। अब मैं शॉट से पहले आसमान की तरफ देखूंगा और जानने की कोशिश करूंगा कि आप ऊपर से मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं या नहीं। दादा, आपके प्यार, देखभाल, शालीनता, आपके हुनर और आपकी मुस्कान के लिए धन्यवाद।

# इस हफ्ते आ रहीं सस्पेंस-थ्रिलर और इमोशन से भरी फिल्में-सीरीज...

**नई दिल्ली।** नवंबर का दूसरा हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं होने वाला है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर इस बार आ रहा है रोमांच, रहस्य और भावनाओं का अनोखा मिश्रण। इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज में ऐसे कई नाम शामिल हैं, जिनका फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

***दिल्ली क्राइम सीजन 3*** : 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रहा है दिल्ली क्राइम का सीजन 3। दिल्ली पुलिस की दमदार अफसर वर्तिका चतुर्वेदी एक बार फिर लौट रही हैं- इस बार एक ऐसे केस के साथ जो मानव तस्करी के नेटवर्क को उजागर करेगा। शेफाली शाह का किरदार फिर से केंद्र में है, जबकि हुमा कुरैशी इस बार एक रहस्यमयी विलेन के रूप में नजर आएंगी। यह सीजन पिछले दोनों सीजनों से ज्यादा डार्क और इमोशनल बताया जा रहा है। दिल्ली के दिल में बसने वाले इस अपराध की कहानी आपको अंत तक बांधे रखेगी।

***अविहितम*** : 14 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर यह फिल्म दस्तक दे रही है। मलयालम फिल्म 'अविहितम' में उत्तर केरल के एक छोटे गांव की कहानी दिखाई गई है, जहां दोस्तों का एक समूह घूमने जाता है और रास्ते में एक ऐसी घटना घटती है जो सबकी जिंदगी बदल देती है। गांव की रहस्यमयी पृष्ठभूमि और भावनात्मक ट्विस्ट से भरी यह फिल्म सामाजिक रिश्तों की परतें खोलती है। यह कहानी रूरल ड्रामा के साथ-साथ सस्पेंस का भी शानदार मिश्रण है।



***जुरासिक वर्ल्ड: रिबर्थ*** : जियो हॉटस्टार पर 14 नवंबर को आ रही है हॉलीवुड फिल्म जुरैसिक वर्ल्ड रिबर्थ।डायनासोर की दुनिया में एक बार फिर धमाकेदार वापसी होने वाली है। कहानी एक फार्मा कंपनी के इर्द-गिर्द घूमती है जो डायनासोर के डीएनए से इंसानों की बीमारियों का इलाज ढूंढना चाहती है। लेकिन जब वैज्ञानिकों की टीम एक रहस्यमयी द्वीप पर पहुंचती है, तो शुरू होता है असली खतरा। सस्पेंस, साइंस और एक्शन का ये कॉम्बो फैंस के लिए बड़ा ट्रीट साबित होगा।

***आंटीप्रेन्योर*** : 13 नवंबर को शेमारूमी पर यह गुजराती फिल्म रिलीज हो रही है। 65 वर्षीय जसुबेन की कहानी आपको प्रेरित करेगी और मुस्कुराएगी भी। सुप्रिया पाठक कपूर इस गुजराती फिल्म में एक विधवा का किरदार निभा रही हैं जो अपनी हाउसिंग सोसाइटी बचाने के लिए महिलाओं के साथ मिलकर स्टॉक मार्केट में कदम रखती है। जसुबेन का संघर्ष और उनकी उद्यमशीलता की कहानी एक सशक्त महिला की मिसाल पेश करती है। ये फिल्म हर उस व्यक्ति के लिए है जिसने कभी 'अब बहुत देर हो गई' कहा हो।

## शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में बनाई हैं धमेंद्र ने खास जगह

# आज भी हर घर में देखी जाती हैं धर्मेंद्र की ये पांच सुपरहिट फिल्में

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में हीमैन के नाम से फेमस धर्मेंद्र ने एक से बढ़कर एक फिल्मों में शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। आपको बता दें उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देती थी। धर्मेंद्र ने एक्शन के साथ-साथ कई रोमांटिक फिल्में भी की हैं और आज भी हर घर-घर में धर्मेंद्र की सुपरहिट फिल्मों को देखा जाता है।*

**आग ही आग** : धर्मेंद्र की ये फिल्म आग ही आग जो 1987 में रिलीज हुई थी और ये एक एक्शन फिल्म है, जिसको आज भी लोग देखना काफी ज्यादा पसंद करते हैं। आपको बता दें ये उस समय की सबसे बड़ी हिट फिल्म है।

**मेरा गांव मेरा देश** : मेरा गांव मेरा देश धर्मेंद्र की ये फिल्म 1971 में आई थी, जो उस समय की सबसे सुपरहिट फिल्मों में से एक रही.फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और आज भी धर्मेंद्र की एक्टिंग को लोग खूब पसंद करते हैं।

**यमला पगला दीवाना** : साल 2011 में आई फिल्म यमला पगला दीवाना धर्मेंद्र की हिट फिल्म साबित हुई, लोगों के दिलों में इसके गाने और फिल्म दोनों ही खास जगह बनाएं हुए हैं।

**दोस्त** : धर्मेंद्र की 1974 में आई फिल्म दोस्त बॉक्स ऑफिस पर एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई. धर्मेंद्र के साथ हेमा मालिनी और शत्रुघ्न सिन्हा भी इस फिल्म में हैं।

**वतन के रखवाले** : धर्मेंद्र की फिल्म वतन के रखवाले 1987 की एक सुपरहिट फिल्म थी, जिसको लोगों ने खूब पसंद किया और आज भी इसे हर घर-घर में देखना पसंद करते हैं।





### इक्कीस में इमोशनल अवतार में आएंगे नजर

धर्मेंद्र बॉलीवुड के शानदार एक्टर हैं। उनकी फिल्म इक्कीस 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड के ही-मैन इमोशनल अवतार में नजर आ रहे हैं और ट्रेलर में उन्हें देखकर जमकर तारीफ भी हो रही है। बॉलीवुड के हीमैन धर्मेंद 1960 के दशक से बॉलीवुड में अपनी धाक जमाए हुए हैं। 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरे से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरूआत की और अब उनकी अपकमिंग फिल्म इक्कीस सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। अब जब उनकी फिल्म रिलीज होने जा रही है, इस बीच आप जानते हैं कि धर्मेंद्र की नेटवर्थ कितनी है।

### करोड़ों का है नेटवर्थ

धर्मेंद्र ने 300 फिल्मों के कॅरियर के साथ 335 करोड़ का अंपायर खड़ा किया है। इसके अलावा उन्होंने कई चीजों में निवेश भी किया है, जिनमें कलनरी से लेकर हॉस्पिटल फील्ड शामिल है। धर्मेंद्र ने गरम धरम ढाबा से रेस्टोरेंट बिजनेस शुरू किया था। उन्होंने एक और रेस्टोरेंट खोला, जिसका नाम हीमैन रखा, जो करनाल हाइवे पर है। सोशल मीडिया पर ही उन्होंने 100 एकड़ में बने फार्महाउस की झलक भी दिखाई है। यह शहर से दूर लोनावला में है, जिसमें स्वीमिंग पूल से लेकर एक्वा थैरेपी शामिल है। इसके अलावा धर्मेंद्र के पास 17 करोड़ की महाराष्ट्र में प्रॉपर्टी भी है।